सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25
HAPPY New Year 2024
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
वर्ष- 15 अंक - 80 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 02 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239

# फरवरी से मिलने लगेगा महतारी वंदन योजना का लाभ, साय कैबिनेट कल लेगी फैसला

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना, हर गृहणी को मिलेंगे 12000 रुपए सालाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सब कुछ सरकार की योजना के हिसाब से होता है तो अगले महीने यानी फरवरी से महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। बुधवार को छत्तीसगढ़ कैबिनेट की अहम् बैठक होने जा रही है। संभावना है कि इसमें महतारी समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को हरी झंडी दिखा दी जाएगी। इनमें पीएम आवास, अयोध्या में रामलाल दर्शन योजना, राजिम पुन्नी मेले को फिर से कुम्भ का दर्जा देने के अलावा 3,100 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदी को मंजूरी देना शामिल है। इसके अलावा धान खरीदी की समयसीमा बढ़ाए जाने की भी संभावना है। दरअसल, साय सरकार चुनाव के दौरान किए गए अपने वायदे या मोदी की घोषणाओं को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाना चाह रही है। साय कैबिनेट की यह तीसरी और पूरे मंत्रिमंडल के साथ पहली बैठक होगी।

छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद अब भाजपा चुनाव के समय किए गए अपने वायदों को पूरा करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि अगले महीने से महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओं को मिलने लगेगा। इसके लिए बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है। प्रदेश में जितनी भी माताएं-बहनें हैं, उनको विधिवत रूप से फार्म भरवाए जाएंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इस योजना के माध्यम से सरकार प्रदेश की विवाहित महिलाओं को हर साल 12,000 रुपये देगी। छत्तीसगढ़ की करीब 60 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।




### जनता से सीधे जुड़ी है मोदी की गारंटी- साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मोदी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पांच वर्षों में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। पीएम आवास योजना से लेकर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तक मोदी की गारंटी जनता की जरूरतों से जुड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि तीसरी कैबिनेट बैठक में पहली बार मुख्यमंत्री समेत सभी 12 मंत्री शामिल होंगे। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों की शपथ के बाद 14 को पहली बैठक हुई थी। जिसमें 18 लाख परिवारों के लिए आवास देने की योजना पर स्वीकृति मिली थी। 15 दिसंबर को दूसरी बैठक में अनुपूरक बजट के प्रस्ताव को पास किया गया था। कल होने वाली तीसरी बैठक को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें लिए जाने वाले निर्णयों से छत्तीसगढ़ की दशा-दिशा तय होगी।


### पुन्नी मेला को फिर से मिलेगा कुंभ का दर्जा

नए साल की शुरुआत के साथ ही मंत्रालय के कामकाज में तेजी लाने के लिए मंत्रिमंडल तैयार हो गया है। साल 2024 की शुरुआत के साथ ही साय कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। मंत्रिमंडल विस्तार और मंत्रियों के विभाग तय किए जाने के बाद भाजपा सरकार की यह पहली कैबिनेट बैठक होगी। इस बैठक में मंत्रिमंडल के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। इस बैठक के साथ ही यह माना जा रहा है कि मोदी की गारंटी के साथ-साथ राजिम पुन्नी मेला के नाम बदलने को लेकर भी फैसला लिया जा सकता है। माना जा रहा है कि पूर्व में बीजेपी सरकार द्वारा राजिम कुंभ मेला नाम में वापस परिवर्तन किया जा सकता है। माना जा रहा है कि सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राजिम धार्मिक सभा का नाम बदलकर वापस राजिम कुंभ मेला किया जा सकता है। कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व में इसे बदलकर राजिम पुन्नी मेला कर दिया था। छत्तीसगढ़ में 22 फरवरी से राजिम कुंभ की शुरूआत होने जा रही यह कुंभ 15 दिनों तक चलेगा। राजिम कुंभ गरियाबंद जिले में स्थित राजिम में आयोजित एक वार्षिक तीर्थयात्रा है। जहां हजारों भक्त पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। राजिम में धार्मिक मंडली राजिम में महानदी, पैरी और सोंदुर नदियों के पवित्र संगम के पास एक समारोह आयोजित करती है जिसे 'पांचवें कुंभ' के रूप में जाना जाता है।

### लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने करनी होगी कड़ी मेहनत- साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि नई सरकार से आम लोगों को बहुत सी उम्मीदें हैं। इन सबको पूरा करने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। नववर्ष के पहले दिन विभागीय कामकाज निपटाने दफ्तर पहुंचे श्री साय ने अधिकारियों से कहा कि हमें यह समीक्षा करनी है कि किस तरह अगले एक साल में अपने विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर रणनीति और संवेदनशीलता के साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सचिव स्तर के अधिकारी लोक कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं पर जितनी मेहतरी से काम करेंगे, जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में स्थानीय अधिकारियों को उतनी ही मदद मिलेगी। सचिवों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। मोदी जी की गारंटी आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन्हें पूरा करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा।

## खास-खबर



### कुम्हारी में युवक की बेरहमी से हत्या, भारी पत्थर से कुचला सिर, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह सड़क किनारे लहूलुहान हालत में युवक का शव मिला। कपसदा से खपरी मार्ग के बीच में युवक का शव मिला। युवक की किसी ने भारी पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर फरार हो गया। सुबह ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कुम्हारी पुलिस को सूचना मिली कि खपरी-कपसदा मार्ग के बीच में युवक का शव लहूलुहान हालत में पड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने बताया कि भारी पत्थर से युवक का सिर कुचला गया है जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान गोपाल सोनवानी निवासी ग्राम कपसदा के रूप में किया है। पुलिस को आशंका है कि रात में युवक की हत्या हुई। मृतक के ऊपर पत्थर पड़ा हुआ है। फिलहाल मामले की जांच जा रही है।

### बाप ने बेटी व उसके प्रेमी को फावड़े से काट डाला, थाने में किया सरेंडर

**बदायूं।** जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव परौली में पिता ने अपनी नीतू व उसके प्रेमी सचिन की फावड़े से काटकर हत्या कर दी और थाने में सरेंडर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परौली निवासी सचिन(20) का गांव की ही नीतू (19) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सचिन शनिवार को हिमाचल प्रदेश से घर आया था। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे नीतू अपने घर से तैयार होकर सचिन के घर की ओर गई थी। तभी उसके पिता महेश ने देख लिया। पिता फावड़ा लेकर उसके पीछे गया और सचिन के घर के सामने अपनी बेटी नीतू पर जानलेवा हमला कर दिया। सचिन ने उसे बचाने की कोशिश की थी। महेश ने उस पर भी फावड़े से हमला कर दिया और दोनों की वहीं फावड़े से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद पिता फावड़ा लेकर बिल्सी थाने पहुंचा और खुद को सरेंडर कर दिया।

# आत्मानंद स्कूल योजना खतरे में!

## नए तरीके से बनाएंगे अच्छी शिक्षा की योजना- बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद अब आत्मानंद स्कूल योजना खतरे में आ गई है। सरकार बदलने के बाद भूपेश बघेल सरकार की आत्मानंद स्कूल योजना को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बदलाव के संकेत दे दिए हैं। भाजपा का मानना है कि इस योजना में बहुत सी कमियां है जिसे दूर करने के लिए योजना का नाम बदलकर उसे बेहतर तरीके से सुचारू रूप से चलने की जरूरत है। आत्मानंद स्कूल योजना का नाम बदलने की खबर से अब स्कूल में काम कर रहे संविदा कर्मचारियों की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है।

छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने प्रदेश की स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए आत्मानंद स्कूल योजना की शुरुआत की थी। कांग्रेस ने इस योजना की शुरुआत 3 जुलाई साल 2020 से किया। इसके बाद आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को बनाने का सिलसिला शुरू हुआ। कांग्रेस की इस योजना में पूरे प्रदेश में 847 आत्मानंद स्कूल खोले गए। कांग्रेस की सरकार ने पिछले 5 सालों में आत्मानंद स्कूल योजना को लेकर खूब प्रचार प्रसार किया। लेकिन साल 2023 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने आत्मानंद स्कूल में बदलाव करने के साथ योजना का नाम बदलने की तैयारी में लगी हुई है। आत्मानंद स्कूल योजना का नाम बदलने के संकेत भारतीय जनता पार्टी के नेता छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दिए हैं।




आत्मानंद स्कूल को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का मानना है कि स्कूल को लेकर पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई है। हम आने वाले दिनों में नई नीति बनाएंगे जिस पर सलाह-मशवरा करने के बाद बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए योजना को नई तरह से बनाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बीजेपी को राजनीति से ऊपर उठकर योजनाओं को आगे बढ़ना चाहिए जिससे कि बच्चों की शिक्षा और बेहतर की जा सके। जिसे लेकर आत्मानंद स्कूल योजना को सुधार की जरूरत है।

छत्तीसगढ़ में आत्मानंद स्कूल के नाम से चल रही योजना में पूरे प्रदेश में 847 आत्मानंद स्कूल खोले गए। अंग्रेजी मीडियम के साथ-साथ हिंदी मीडियम स्कूलों में वर्तमान में 586 से ज्यादा शिक्षक वर्तमान में कार्य कर रहे हैं। जिनमें से 4087 से ज्यादा शिक्षकों की संविदा भर्ती की गई। इसके साथ ही 1499 शिक्षक प्रतिनयुक्ति पर कार्यरत किए गए। जानकारों का मानना है कि अगर भाजपा की सरकार योजना का नाम बदलती है तो ऐसे में संविदा भर्ती में शिक्षकों के लिए भविष्य में संकट आ सकता है।

# गला घोंटकर पति ने की पत्नी व तीन बच्चों की हत्या

■ चरित्र शंका में दिया वारदात को अंजाम, थाने पहुंचकर किया सरेंडर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है। यहां के मस्तूरी थाना क्षेत्र में एक सनकी पति ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। उसने अपनी पत्नी व तीन मासूम बच्चों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने आत्महत्या करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहा। जिसके बाद वह खुद थाने पहुंच गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। ग्राम हिर्री निवासी उमेंद्र राम केंवट (34) रोजी-मजदूरी करता था। घर में वह पत्नी सुकरिता (28) और तीन बच्चों के साथ रहता था। सोमवार की रात उमेंद्र शराब के नशे में घर पहुंचा तो पत्नी खाना खाने बोली, तब वह विवाद करने लगा। दोनों में विवाद इतना बढ़ा कि उसने मारपीट शुरू कर दी। देर रात हुए इस विवाद के बाद उमेंद्र ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। यही नहीं उसने अपनी दो बेटियों व एक बेटे का भी रस्सी से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी।


हत्या के बाद आरोपी युवक देर रात थाने पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। युवक की बात सुनने के बाद पुलिस उसे लेकर देररात गांव पहुची तब उसकी पत्नी सुकरति के बेटी खुशी केंवट (8), निशा केंवट(4), पवन केंवट (3) की लाश कमरे में पड़ी थी। इसके बाद बात पूरे गांव में फैल गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका किया करता था और इसके कारण आए दिन इनके घर पर विवाद होता रहता था।

# सारा दोष ट्रक ड्राइवर पर मढ़ना गलत

श्रीकंचनपथ




केन्द्र सरकार ने भारतीय न्याय संहिता में संशोधन कर एक नया फरमान जारी कर दिया है। इसके तहत अब हादसे के बाद घायल को छोड़कर भागने वाले ट्रक चालकों पर मामले चलाए जाएंगे। उन्हें 10 साल तक की सजा दी जा सकेगी और उनपर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। अर्थात पूरा दोष ट्रक मालिकों और चालकों पर डालकर सरकार हाथ झाड़कर बाजू हट गई है। देश की बड़ी आबादी आज भी सड़क हादसों के लिए भारी वाहनों को ही दोषी मानती है। संभवत: सरकार इसी बात का फायदा उठाना चाहती है। पर हकीकत इससे परे है। अधिकांश हादसे उन छोटे वाहनों की वजह से होते हैं जो यातायात कानूनों को किसी खातिर में नहीं लाते। कोई हाथ दिखाता हुआ रास्ता काटने की कोशिश करता है तो कोई हार्न बजाकर फुर्र से निकल जाना चाहता है। कान में मोबाइल चिपकाए लोग भी कुछ कम नहीं है। शहरों के भीतर तो ट्रक और भारी वाहन ग्रीन लाइट का इंतजार ही करते रह जाते हैं। दुपहिया और चार पहिया वाले रुकने का नाम ही नहीं लेते। ऐसे में सारा दोष ट्रक ड्राइवरों पर क्यों थोप दिया जाना चाहिए? वैसे भी ट्रक चालक अकसर अपने वाहन और स्वयं अपनी सुरक्षा के लिए ही दुर्घटनास्थल से भागता है। अकसर ऐसे चालक अपने ट्रक को सीधे थाने में ले जाकर खड़ा कर देते हैं। क्योंकि वो जानते हैं कि यदि वे दुर्घटना स्थल पर रुके तो वे मॉब लिंचिंग का शिकार हो सकते हैं। उनके वाहन को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। वाहन के साथ ही वाहन में लदे सामान को भी भारी क्षति पहुंचाई जा सकती है। सड़क हादसों में गलती ढूंढने का भी अपने यहां एक अजीब फार्मूला है। प्राय: सभी हादसों के लिए, उसमें शामिल बड़े वाहन को ही दोषी मान लिया जाता है। हमारी सड़कों पर ट्रक ही सबसे बड़े वाहन हैं इसलिए लगभग सभी हादसों में उसे ही पब्लिक के आक्रोश का शिकार होना पड़ता है। घायलों की चिंता करने से पहले सरकार को ऐसे वाहनों को जनता के आक्रोश से बचाने का प्रबंध करना चाहिए। अगर ट्रक चालक को इस बात की गारंटी होगी कि एक्सीडेंट के बाद लोग उनकी पिटाई नहीं करेंगे, उनके वाहन को आग नहीं लगाएंगे तो घायल को अस्पताल पहुंचाने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। कोई भी नहीं चाहता कि उसकी वजह से खामख्वाह किसी की जान चली जाए। देश में 28 लाख से ज्यादा ट्रक प्रतिदिन 100 अरब किलोमीटर का सफर तय करते हैं। अधिकांश सड़कें आबादी से काफी दूर होती हैं। दूर-दूर तक कोई पुलिस स्टेशन नहीं होता। ऐसे में सरकार ट्रक चालकों की सुरक्षा की गारंटी करने की स्थिति में नजर नहीं आती। ट्रक चालकों को छोड़ भी दें तो सरकार अब तक अस्पतालों और ट्रॉमा सेन्टरों को सुरक्षा उपलब्ध कराने में असफल रही है। केवल हवा में कानून बनाने से देश अमेरिका नहीं बन सकता।

Digital Display Board
के माध्यम से अपने व्यवसाय को दे नई पहचान...

- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासुपर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली
Harsh Media Advertisers

19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Bhagat singh Chwok, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

# नए आसमान पर

पिछले साल के आखिरी दिन जब लोग नए साल के स्वागत की तैयारी कर रहे थे, कहीं नए साल की बधाइयां दी जा रही थीं और कहीं जश्न मनाए जा रहे थे। ठीक उसी समय आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में उलटी गिनती शुरू हो चुकी थी, और नए साल की नई सुबह 9.10 बजे जब यह उलटी गिनती खत्म हुई, तो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने 44.4 मीटर लंबा एक भारी-भरकम रॉकेट आसमान की ओर दागा। कुछ ही देर के अंदर धरती से 650 किलोमीटर दूर की कक्षा में एक्सपोसैट नाम का एक उपग्रह स्थापित हो चुका था। साल 2024 की शुरुआत के लिए इससे अच्छी कोई और खबर नहीं हो सकती थी। उपग्रह को लांच करना और उसे किसी कक्षा में स्थापित कर देना इसरो के लिए कोई नई बात नहीं है, पर एक्सपोसैट जिस तरह का उपग्रह है, उसे इसरो की सिर्फ एक और उपलब्धि कह देने भर से ही बात खत्म नहीं होती। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए लॉन्च किया गया यह उपग्रह खगोलशास्त्र में भारत की महारत और उसकी महत्वाकांक्षा, दोनों को ही बताता है। इसे हम इससे भी समझ सकते हैं कि ऐसा उपग्रह अभी तक सिर्फअमेरिका के पास है।

> “ इससे भारत की इस सोच का भी पूरी दुनिया को उदाहरण मिला कि ज्ञान और विज्ञान सभी के लिए हैं और ये बांटने से ही बढ़ते हैं। अब एक्सपोसैट के बारे में भी यही कहा जा रहा है। इससे मिले डाटा भी दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिकों के साथ साझा किए जाएंगे। इस लिहाज से यह भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए एक उपलब्धि है।

हम जब भारतीय अंतरिक्ष सगंठनों के उपग्रहों की चर्चा करते हैं, तो आमतौर पर ऐसे उपग्रहों का नाम लिया जाता है, जिनकी कोई सीधी उपयोगिता है। मसलन, वे उपग्रह, जो टेलीविजन प्रसारण के लिए थे, या वे उपग्रह, जो जीपीएस सेवा देते हैं, या वे उपग्रह, जो मौसम के अध्ययन और पूर्वानुमान के लिए लॉन्च किए जाते हैं, या फिर वे उपग्रह, जो सीमाओं की निगरानी करते हैं, शहरों-कस्बों-गांवों, खेतों, फसलों और नदियों-नहरों का हाल बताते हैं। लेकिन एक्सपोसैट इन सबसे जरा अलग किस्म का उपग्रह है। इसे शुद्ध रूप से वैज्ञानिक शोध के लिए तैयार किया गया है। इसका सीधा लाभ खगोलशात्रियों और खगोल-भौतिकविज्ञानियों को मिलेगा। इस उपग्रह में लगा एक्सरेपोलरीमीटर अंतरिक्ष में मौजूद एक्सरे किरणों का आकलन करके उनके स्रोत का पता लगाएगा। इससे खासकर ब्लैक होल के अध्ययन में मदद मिलेगी। इसके जारिये हम ब्रह्मांड की उत्पत्ति और धरती के लिए अंतरिक्ष में मंडराते खतरों के बारे में ज्यादा अच्छी समझ बना सकेंगे।

यह उपग्रह दरअसल उस सिलसिले की अगली कड़ी है, जो 1996 में शुरू हुआ था। इसे भारतीय एक्सरे एस्ट्रोनॉमी प्रयोग कहा गया था। इसी कड़ी में साल 2004 में एस्ट्रोसैट नाम का उपग्रह लॉन्च करने की योजना बनी थी। यह उपग्रह 2015 में लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष के अध्ययन के लिए तैयार किया गया यह भारत का पहला उपग्रह था। एक्सपोसैट इसी की अगली कड़ी है, जो एक बड़ी छलांग तो है ही, साथ ही, यह भारत के उपग्रह कार्यक्रम की निरंतरता का भी प्रतीक है। यहां इस बात का जिक्र भी जरूरी है कि भारत ने एस्ट्रोसैट का उपयोग किस तरह से किया। एकाधिकार की सोच से परे हटकर इससे मिले डाटा को पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों के साथ साझा किया गया, ताकि सभी उनका अपने तरह से विश्लेषण कर सकें। इससे भारत की इस सोच का भी पूरी दुनिया को उदाहरण मिला कि ज्ञान और विज्ञान सभी के लिए हैं और ये बांटने से ही बढ़ते हैं। अब एक्सपोसैट के बारे में भी यही कहा जा रहा है। इससे मिले डाटा भी दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिकों के साथ साझा किए जाएंगे। इस लिहाज से यह भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए एक उपलब्धि है।

## वाजपेयी, जेटली प्रेम काम नहीं आ रहा

नीतीश कुमार की यह खासियत है कि वे किसी समय राम मनोहर लोहिया, जेपी और कर्पूरी ठाकुर के चेले बन जाते हैं तो किसी समय दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के गुणगान करने लगते हैं। कुछ समय पहले वे पटना में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर फूल चढ़ाने गए। पिछले एक हफ्ते में वे अटल बिहारी वाजपेयी और अरुण जेटली को श्रद्धांजलि देने गए। एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा नेताओं की खूब तारीफ की और वहां मौजूद नेताओं को दिखा कर कहा कि उनके साथ तो जीवन भर का संबंध है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनका भाजपा प्रेम बहुत काम नहीं आ रहा है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व पिघल नहीं रहा है और इस वजह से नीतीश को अच्छी डील नहीं मिल रही है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस बार न तो बराबरी का समझौता करने को तैयार है और न उनको मुख्यमंत्री रखने को तैयार है। पिछली बार यानी 2017 में जब नीतीश वापस लौटे थे तब भाजपा ने अपनी जीती हुई लोकसभा की छह सीटें छोड़ कर नीतीश से समझौता किया था। दोनों पार्टियां 17-17 सीटों पर लड़ी थीं। और भाजपा ने उनको मुख्यमंत्री भी बनाए रखा था। इस बार कहा जा रहा है कि भाजपा ने उनसे कहा है कि वे मुख्यमंत्री पद छोड़ें, भाजपा का सीएम बनेगा और नीतीश अपना दो उप मुख्यमंत्री बना लें। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने उनको 10 लोकसभा सीट का प्रस्ताव दिया है। इसमें ज्यादा से ज्यादा दो की बढ़ोतरी हो सकती है। भाजपा अकेले 20 सीट लड़ना चाहती है और लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों धड़ों, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता दल को गठबंधन में बनाए रखना चाहती है। वह मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी को भी गठबंधन में लाने की बातचीत कर रही है। इसके अलावा भाजपा लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव कराने को तैयार नहीं है। इस तरह वह नीतीश को कमजोर करने की सुनियोजित रणनीति पर काम कर रही है।

## शर्मिला के सहारे आंध्र में कांग्रेस

आंध्र प्रदेश में राजनीतिक समीकरण बदल सकता है। तेलंगाना की जीत के बाद कांग्रेस पार्टी आंध्र प्रदेश में संभावना देख रही है। हालांकि राज्य के विभाजन के बाद से आंध्र में कांग्रेस के प्रति बहुत नाराजगी है और यही कारण है कि कांग्रेस दो फीसदी भी वोट नहीं ले पा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस की उम्मीद बढ़ी है तो उसका कारण मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला हैं। उन्होंने वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का गठन किया था और पिछले चुनाव में कांग्रेस को समर्थन दिया। कहा जा रहा है कि कांग्रेस उनको राज्यसभा में भेजेगी या खम्मम सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ाएगी। इसके अलावा उनको पार्टी का महासचिव बनाने की चर्चा भी हो रही है।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस उनको आंध्र प्रदेश में इस्तेमाल करना चाहती है। वे कांग्रेस से जुड़ जाएंगी इस बात की पूरी संभावना है लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि कांग्रेस नेताओं को लग रहा है कि उनके जरिए चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी से तालमेल हो सकता है। गौरतलब है कि टीडीपी की बातचीत भाजपा से चल रही है और उसने पवन कल्याण की जन सेना पार्टी से तालमेल कर लिया है। ऐसे में कांग्रेस से कैसे बात बनेगी? कहा जा रहा है कि भाजपा जगन मोहन की पार्टी के साथ भी चैनल खोले हुए है और वह नहीं चाहती है कि राज्य की किसी पार्टी के साथ तालमेल करे। इसके बावजूद नायडू की पार्टी का कांग्रेस के साथ जाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। क्योंकि तब केंद्रीय और राज्य दोनों की एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो जाएगी।

> “ पर्यवेक्षकों के मुताबिक, इंडिया ब्लॉक में खींचतान का फायदा भाजपा को मिल सकता है, बशर्ते वह अपने पैरों तले की जमीन को मजबूत करने में कामयाब हो जाए। अब विपक्षी गठबंधन के लिए लड़ाई आसान नहीं है, मगर यदि उसने बंगाल में झगड़ा सुलझा लिया, तो विपक्षी गठबंधन बहुत मजबूत होकर उभरेगा।

# बंगाल में विपक्षी एका की अग्नि परीक्षा

प्रभाकर मणि तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार



विपक्षी गठबंधन में सीटों के बंटवारे का सबको इंतजार है। सबकी नजरें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और पंजाब पर टिकी हैं। इन दिनों सीटों के बंटवारे को लेकर पश्चिम बंगाल में स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई है कि सवाल खड़ा हो गया है, पश्चिम बंगाल में क्या इंडिया ब्लॉक टूट जाएगा या इतना मजबूत नहीं हो पाएगा कि वह बड़ी सफलता पा सके?

पश्चिम बंगाल में वर्ष 2021 के अहम विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों को एकजुट करने की दिशा में ठोस पहल की थी, पर अब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उनके ही राज्य में इंडिया ब्लॉक के रथ के पहिए अविश्वास और आरोप-प्रत्यारोप के दलदल में धंसते लग रहे हैं। खुद ममता बनर्जी ने कहा है कि पूरे देश में इंडिया ब्लॉक लड़ेगा, पर बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ही भाजपा से मुकाबला करेगी। इसका संदेश साफहै। ममता बंगाल में दोनों सहयोगियों, यानी कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए एक इंच जमीन छोड़ने को भी तैयार नहीं हैं। अब ये तीनों पार्टियां एक-दूसरे पर भाजपा की मदद करने और विपक्षी गठबंधन को कमजोर करने के आरोप लगाने लगी हैं।

दरअसल, बंगाल में इंडिया ब्लॉक के दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर पेंच फंसता नजर आ रहा है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस और सीपीआई(एम) पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप भी लगा दिया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के बाद भी कांग्रेस व सीपीएम के नेता बंगाल में तृणमूल के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

उसके बाद पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने सीपीएम पर भाजपा का दलाल होने का आरोप मढ़ दिया। घोष ने यहां तक कह दिया कि पश्चिम बंगाल के 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस को बड़ा नुकसान पहुंचाया था और उसका फायदा भाजपा को मिला था। घोष का आरोप है कि कांग्रेस राज्य में भाजपा के दलाल के तौर काम करती है। उन्होंने यह भी कहा था कि लेफ्ट के लोगों की औकात तृणमूल नेताओं के साथ बैठने की नहीं है।

राजनीतिक हलकों में इसके कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। तृणमूल नेताओं का कहना है कि ममता बनर्जी ने सीटों के बंटवारे के लिए 31 दिसंबर की समय-सीमा तय की थी, पर इसमें कोई पहल नहीं हो सकी है, इसलिए वह अकेले ही मैदान में उतरने का मन बना रही हैं। ममता के बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने भी कह दिया कि ममता बनर्जी बंगाल में गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं, इससे उनको नुकसान होगा और अब पार्टी अकेले अपने बूते मैदान में उतरने की तैयारी में जुटी है। चौधरी यहां तक कह चुके हैं कि वह राज्य में तृणमूल कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की कल्पना तक नहीं कर सकते। कांग्रेस ने पिछला लोकसभा चुनाव वाम दलों के साथ मिलकर लड़ा था और दो सीटें जीती थीं। उस चुनाव में वामपंथी दलों का खाता तक नहीं खुल सका था। बंगाल कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि पार्टी फिलहाल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस से समान दूरी बनाकर चल रही है। वह राज्य में लोकसभा की कम से कम सात सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छुक है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता, सौम्या राय का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच गोपनीय तालमेल है। ममता बनर्जी भाजपा से मुकाबले के प्रति गंभीर नहीं हैं। उधर, तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि बंगाल में कांग्रेस और सीपीएम का कोई आधार नहीं है। इस बढ़ती तल्खी के बीच एक पहलू यह भी है कि पश्चिम बंगाल में 34 साल तक राज करने वाली सीपीएम भी तृणमूल कांग्रेस के साथ सीटों के तालमेल को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं है। साल 2004 के लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड 35 सीटें जीतने वाले वाम मोर्चे का बीते चुनाव में खाता तक नहीं खुल सका था। अब पार्टी ने अगले आम चुनाव में अकेले मैदान में उतरने का संकेत दिया है। कोलकाता में पार्टी की राज्य समिति की बैठक के बाद प्रदेश महासचिव मोहम्मद सलीम ने पत्रकारों से कहा था कि हमने यहां भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का फैसला किया है, जो पार्टी इन दोनों से संबंध रखेगी, हम उनसे दूरी बनाकर चलेंगे।

सीपीएम ने 7 जनवरी को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में एक इंसाफ रैली आयोजित करने का फैसला किया है। उसका मुख्य लक्ष्य साल 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन और अपने वोटबैंक को एकजुट और मजबूत करना है। उसका आरोप है, ममता बनर्जी भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिली हुई हैं। 19 दिसंबर को विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक के अगले दिन ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ममता बनर्जी की मुलाकात भी बहुत कुछ कहती है।

उधर, भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा के दो दिवसीय कोलकाता दौरे के जरिये राज्य की 42 में से 35 सीटें जीतने के इरादे के साथ मिशन बंगाल का आगाज कर दिया है। वर्ष 2019 में पार्टी ने लोकसभा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृणमूल को करारा झटका दिया था और राज्य की 42 में से 18 सीटें जीत ली थीं। उससे पहले वर्ष 2014 में उसे महज दो सीटें मिली थीं, पर इस बार वह राम मंदिर और नागरिकता अधिनियम जैसे मुद्दों के सहारे कम से कम 35 सीटें जीतने के लिए प्रयासरत है।

वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार पार्टी ने अपनी रणनीति में भी व्यापक बदलाव किए हैं। इसके तहत उसने महज स्थानीय नेताओं पर भरोसा करने के बजाय चुनाव प्रबंधन करने वाली एक पेशेवर संस्था 'जार्विस टेक्नोलॉजी ऐंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड' की भी सेवाएं ली हैं।साथ ही, 15 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति का भी गठन कर दिया है। केंद्रीय नेताओं ने बैठक के दौरान स्थानीय नेताओं को राज्य भर में सोशल मीडिया के जरिये प्रचार अभियान शुरू करने को कहा है, इनमें राम मंदिर, नागरिकता कानून, केंद्रीय योजनाओं और तृणमूल कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। बंगाल में भाजपा कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक, इंडिया ब्लॉक में खींचतान का फायदा भाजपा को मिल सकता है, बशर्ते वह अपने पैरों तले की जमीन को मजबूत करने में कामयाब हो जाए। अब विपक्षी गठबंधन के लिए लड़ाई आसान नहीं है, मगर यदि उसने बंगाल में झगड़ा सुलझा लिया, तो विपक्षी गठबंधन बहुत मजबूत होकर उभरेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# करूणा से भरे अभिनेता-नेता के सम्मान में उमड़ पड़े लोग

एस. श्रीनिवासन , वरिष्ठ पत्रकार

तमिलनाडु में अभिवादन का शुरुआती शब्द भारत के अन्य राज्यों से अलग है। यहां अक्सर अभिवादन की शुरुआत में 'सप्तेला' शब्द का प्रयोग होता है, जिसका अर्थ है, क्या आपने भोजन कर लिया? तमिल सूबे में साथी इंसान की भूख मिटाने पर जोर देना दयालुता का सर्वोच्च रूप माना जाता है। इस मोर्चे पर बहुत खास थे अभिनेता से नेता बने विजयकांत! उन्होंने न केवल इस तरीके से सभी का अभिवादन किया, बल्कि वास्तव में यह सुनिश्चित किया कि कोई भी खाली पेट उनके घर या दफ्तर से बाहर न निकले।

पिछले सप्ताह दुनिया को अलविदा कहने वाले 71 वर्षीय विजयकांत, जिनका पहला नाम विजयराज अजघरसामी था, अभिनेता से नेता बने थे और अन्नाद्रमुक के संस्थापक एम जी रामचंद्रन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। विजयकांत अनगिनत अनजान बच्चों की मदद करते थे। उनकी ट्यूशन फीस, कॉलेज शुल्क, चिकित्सा खर्च आदि का भुगतान वह आगे बढ़कर खुशी-खुशी करते थे। एक अभिनेता की अपनी मेहनत की कमाई वह जनसेवा में लगा देते थे।

वह न सिर्फ बड़े पैमाने पर लोगों के प्रति दयालु थे, बल्कि जब वह तमिलनाडु में एक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने, तब उन्होंने अपने साथी अभिनेताओं के प्रति खूब शिष्टाचार दिखाया। करुणा भरी उनकी अच्छाई का विस्तार बड़े अभिनेता से लेकर सहायकों, स्पॉट बॉय व ड्राइवरों तक था। वह एक प्रकार के मसीहा थे। कोविड के समय उन्होंने मृतकों को दफनाने के लिए अपने स्वामित्व वाले एक कॉलेज का बड़ा मैदान सौंप दिया था।



विजयकांत अपने जीवन में खूब कष्ट और अपमान से गुजरे थे। फिल्म उद्योग के निचले पायदान पर मौजूद लोगों की पीड़ा देखी थी और जब वह खुद सितारे बन गए, तब उन्होंने उनकी सेवा का फैसला किया। वह दिग्गज सितारे रजनीकांत के नक्शेकदम पर भी चले, जो गरीबी से अमीरी तक पहुंचे हैं। विजयकांत को शुरू में खलनायक की भूमिका मिली थी, पर उन्होंने इनकार कर दिया और सामाजिक बुराइयों से लड़ने वाले परोपकारी व्यक्ति के रूप में मुख्य भूमिकाएं निभाने लगे थे। वह पुलिस अधिकारी और एक्शन हीरो की भूमिका में खूब उतरे। अपने स्टंट भी वह स्वयं करते थे। 20 से भी अधिक फिल्मों में उन्होंने समाज में बुरे तत्वों से लड़ने के लिए खाकी वर्दी पहनी। अपनी 100वीं फिल्म में उन्होंने एक आर्मी कैप्टन की भूमिका निभाई। तमिलनाडु अपनी मशहूर हस्तियों को नाम देने के लिए भी जाना जाता है, तो लोगों ने विजयकांत को कैप्टन उपनाम दे रखा था।

लोगों की सेवा की इच्छा ही विजयकांत को साल 2005 में सियासत में खींच लाई। उनकी पार्टी डीएमडीके ने 2006 में लगभग सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा और 8.2 प्रतिशत वोट हासिल किए। विजयकांत ने स्वयं जीत हासिल की। उन्होंने 2009 के संसदीय चुनावों में प्रदर्शन में सुधार किया और 10.3 प्रतिशत वोट हासिल किए। 2011 में उन्होंने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक से गठबंधन किया और उनकी पार्टी द्रमुक को तीसरे पायदान पर धकेलकर राज्य में दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। विजयकांत को एक समय एम करुणानिधि और जे जयललिता के लिए भी चुनौती के रूप में देखा जाता था। राज्य के मतदाताओं का एक वर्ग, जो द्रविड़ राजनीति के विकल्प की तलाश में था, वह विजयकांत से नई राजनीति की उम्मीद करने लगा था। विजयकांत सीधी बात करते थे और लोग उन्हें एक साहसी नायक की तरह देखते थे। वह दक्षिणपंथ के राष्ट्रवाद, वामपंथके प्रगतिशील सिद्धांतों, द्रविड़ कल्याणवाद में विश्वास करते थे और एक समावेशी समूह बनाने की कोशिश करते थे। बाद में वह बीमार रहने लगे। उनकी पत्नी ने पार्टी की कमान संभाल ली, पर पार्टी दिशाहीन हो गई। अब उनकी पार्टी को बनाए रखना मुश्किल होगा।

अब विजयकांत नहीं हैं, मगर उनके अंतिम सम्मान में आश्चर्यजनक रूप से एक लाख से भी अधिक लोग उमड़ पड़े। भीड़ में बहुत से लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने विजयकांत को कभी वोट नहीं दिया होगा, पर करुणा से भरे नेता के सम्मान में सब सड़कों पर निकल आए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आई.एन.डी.आई.ए का प्रधानमंत्री चेहरा कौन ?

अजय दीक्षित



पिछले डेढ़ साल से बिहार के सुशासन बाबू नितीश कुमार ने मोदी जी को मात देने के लिए विपक्ष को एकजुट करने की शुरुआत की थी । बाद में मुख्यत: कांग्रेस की पहल पर आई.एन.डी.आई.ए. बना जो देश की एकता को लेकर प्रयत्नशील है । इसकी तीसरी बैठक विगत दिन दिल्ली में हुई । वहां ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित किया जिसका आम आदमी पार्टी के अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन किया कहते हैं। इस प्रस्ताव के पक्ष में मात्र आठ पार्टियां हैं । शेष पार्टियों का कहना है कि बिना विचार विमर्श किये किसी नाम की घोषणा नहीं की जानी चाहिए । यह भी कहते हैं कि मल्लिकार्जुन के नाम की घोषणा के बाद नितीश कुमार लालू यादव के साथ उठ कर चले गये । उन्होंने फोटो सेशन में भी भाग नहीं लिया और मीटिंग के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस से भी गायब रहे । लालू यादव की बात समझ में आती है । नितीश कुमार जब विहार से बाहर जायेंगे तभी उनका पुत्र तेजस्वी यादव बिहार का मुख्य मंत्री बन सकता है । %लैण्ड फॉर जॉब% में वह आरोपी हैं । देर सबेर उसमें सजा होकर रहेगी । लालू यादव हैल्थ ग्राउण्ड पर जेल से बाहर हैं पर सक्रिय राजनीति में भाग ले रहे हैं । यूं महाराष्ट्र में अजीत गुट के वरिष्ठ जो पहले के मंत्रिमंडल में भी थे, अब हैल्थ ग्राउण्ड पर सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर होकर भी विधानसभा में बैठते हैं --पर सत्ता पक्ष की ओर से। तो बी.जे.पी. को अब लालू यादव पर सवाल उठाने का नैतिक आधार नहीं है।

यूं मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वयं कहा है कि लोक-सभा के चुनाव के बाद 2024 में हमारी जितनी सीटें आती हैं, उसके बाद ही प्रधानमंत्री का नाम तय हो सकता है । यूं ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल, अखिलेश यादव, नितीश कुमार तथा अन्य दलों के नेताओं की भी ख्वाहिश प्रधानमंत्री बनने की है । असल में ये नेता अपने-अपने प्रदेश की स्थानीय पार्टी से सम्बन्धित हैं । इनका जनाधार अपने प्रदेश के बाहर नहीं है । अरविन्द केजरीवाल कह सकते हैं कि उनकी पार्टी दिल्ली और पंजाब दो राज्यों में है । परन्तु दिल्ली में तो कठपुतली सरकार है । यूं भी आम आदमी पार्टी शराब घोटाले में आरोपी है । मनीष सिसोदिया, संजय सिंह जेल में हैं । स्वयं अरविन्द केजरीवाल को ईडी का समन जा चुका है । ममता बनर्जी मात्र पश्चिमी बंगाल तक सीमित है । अखिलेश यादव का कोई असर यू.पी. के बाहर नहीं है।

ममता बनर्जी ने खड़गे का नाम लेकर गुगली खेली है । खड़गे अब 81 वर्ष के हो गये हैं । कर्नाटक से सम्बन्धित हैं । यूं हिन्दी फर्राटे के साथ बोलते हैं । दलित चेहरा है। उन्हें काफी प्रशासनिक अनुभव है । कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके हैं ।

असल में भारतीय जनता पार्टी का बर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है । वहां सब कुछ अब मोदी जी और उनके सलाहकार गृहमंत्री अमित शाह पर निर्भर करता है । मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव लड़वाया है, और ये उम्मीदवार अपना डिमोशन मानकर भी चुप है, तो इससे मोदी का बढ़ता प्रभाव समझा जा सकता है । मध्यप्रदेश में तो अब केन्द्र के भूतपूर्व मंत्री और सांसद अब मात्र विधायक हैं । नरेन्द्र सिंह तोमर केन्द्र में कृषि मंत्री थे । वे अब मात्र स्पीकर हैं । यूं भाजपा ने कहते हैं नरेन्द्र सिंह तोमर पर दया ही की है ।

खड़गे बहुत गरीबी में जिये हैं । सन् 1940 में उनकी मां और बहन को जिंदा जला दिया गया था । उनके पिता एक मजदूर थे । किसी तरह खड़गे पढ़कर वकील बने । अभी हाल में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की 98 सीटों में उसने 57 सीटें जीती जो अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित थी । कांग्रेस को मात्र 40 सीटें मिलीं ।

समय बतलायेगा कि क्या आई.एन.डी.आई.ए. भाजपा को मात दे सकता है ? अभी तो सन् 2024 में मोदी जी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते दिख रहे हैं ?

## इंडिया-समूह के अंकगणित का बीजगणित

28 दलों के राजनीतिक गठजोड़ 'इंडिया-समूह' का बदन ऊपर से देखने में तो इतना गठीला दिखाई देता है कि परसों से शुरू हो रहे साल की गर्मियां आरंभ होते-होते नरेंद्र भाई मोदी का पसीना छुड़ा दे। लेकिन इस तन के भीतर मन ज़रा जर्जर लग रहे हैं। सो, अभी तो सब-कुछ राम भरोसे नज़र आ रहा है। ज़रा सोचिए तो कि इंडिया-समूह के 28 राजनीतिक दलों में से 12 का लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं है, मगर फिर भी निचले सदन में उसके पास 142 सांसद हैं। 98 सदस्य राज्यसभा में अलग हैं। देश भर में 1637 विधायक उस के पास हैं और विधान परिषदों में 120 सदस्य हैं। 10 प्रदेशों में इंडिया-समूह की सरकारें हैं। दस बरस के तक़रीबन निरंकुश मोशा-राज के बाद क्या यह इतनी मामूली उपस्थिति है कि कोई इस की आसानी से अनदेख कर सके?

इसलिए अगर इंडिया-समूह पूरे ईमानदार तालमेल और आपसी भलमनसाहत के साथ अपनी बिसात बिछाए तो क्या आप को नहीं लगता कि वह केंद्र में सरकार बनाने के लिए ज़रूरी 130 अतिरिक्त सीटें जीत सकता है? लालू प्रसाद-तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल का लोकसभा में अभी एक भी सदस्य नहीं है। बिहार की 40 सीटों में से इस बार वह कम-से-कम 15 जीतने की स्थिति में तो है ही। नीतीश के जनता दल यूनाइटेड की सीटें भी 16 से बढ़ कर 20 तक होने के आसार हैं। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के अभी सिर्फ़ 3 लोकसभा सदस्य हैं। इस बार उत्तर प्रदेश में उसे 80 में से क़रीब 15 सीटें मिलने की उम्मीद करना तो कोई अतिरेक नहीं होगा। शरद पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के पास महज़ 4 लोकसभा सदस्य हैं। महाराष्ट्र की 48 में से ज़्यादा नहीं तो 10 सीटें तो वह जीत ही सकती है। 6 सांसदों वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को भी इस बार 15 के आसपास सीटें मिलने की उम्मीद है।

तमिलनाडु में एम.के.स्तालिन के द्रमुक की सीटें 24 से बढ़ कर कम-से-कम 30 तक पहुचेंगी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी 23 से बढ़ कर 30 पर पहुंचने की स्थिति में है। वाम दलों, मुस्लिम लीग, नेशनल कांफ्रेंस और केरल कांग्रेस (मणि) वग़ैरह की हालत अगर जस-की-तस भी रही तो आम आदमी पार्टी अभी अपने एकमात्र लोकसभा सदस्य की संख्या को बढ़ा कर आधा दर्जन तक ले जाने का माद्दा तो रखती ही है।

**- पंकज शर्मा**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### दीपक की रौशनी से घर जगमगाएं 22 को

**कोरबा।** अब से ठीक 24 दिन बाद, यानी 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि और पावन नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर का उद्घाटन होगा। भारतवर्ष ही नहीं, सारा विश्व इस स्वर्णिम पल का साक्षी बनेगा। इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने की तैयारी ऊर्जानगरी कोरबा में भी जोर शोर से की जा रही है। श्रीराम सेना की अगुआई में कोरबा के अनेक स्थानों में भव्य आयोजन होंगे। प्रभात फेरी निकलेगी, शोभायात्रा आयोजित होगी, भजन कीर्तन के साथ जिलवासी भी खुशियों में सराबोर दिखेंगे। रामभक्ति की धुनी में रमने वालों को कोरबा में भी अयोध्या जी की अनुभूति होगी। इसी कड़ी में श्रीराम सेना ने जिलेवासियों से अपील की है कि 22 जनवरी की ऐतिहासिक तिथि का महोत्सव मनाने सभी तैयार हो जाएं। सभी इस दिन अपने अपने घरों के द्वार, आंगन और चहुंओर दीपक की पवित्र रौशनी से जगमग रखें। झालरों से दीवारों को सजाएं और इस युग की अनुभूति रचने में सहायता करें, जब रावण के भार से त्रिलोक को मुक्त कर वनवास के बाद माता सीता, भैया लखन और बजरंगबली के साथ श्रीराम जी अयोध्या लौटे थे।

### प्रांतीय महासम्मेलन में 109 पेंशनरों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** प्रांतीय महासम्मेलन व पेंशनर सम्मान समारोह का आयोजन जशपुर जिला के पत्थलगांव में शनिवार को धूमधाम से किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि गोमती साय विधायक पत्थलगांव रहीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर एवं विशिष्ट अतिथि रतनलाल कैवर्त्य रहे। सर्वप्रथम मां अतिथियों ने मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलित कर, पुष्पांजलि अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय ने 80 वर्ष से अधिक आयु के 109 पेंशनरों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष डीपी मनहर, प्रांतीय महासिचव रतनलाल कैवर्त्य, डीआर यादव अध्यक्ष पत्थलगांव, नारायण प्रसाद यादव, जेआर यादव, एनपीके सिन्हा ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम विधायक गोमती साय को सौंपा। हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

नए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल का दौरा, वरिष्ठ अधिकारियों की ली बैठक

# मरीजों को सभी तरह की जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराने और समय पर रिपोर्ट प्रदान करने के भी निर्देश दिए

## अस्पताल की व्यवस्थाओं में कसावट लाने के दिए निर्देश, स्वास्थ्य मंत्री ने नेत्र रोग विभाग में अपने आंखों की जांच कराई

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के नए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज विभागीय कामकाज शुरू करने के पहले ही दिन रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय का दौरा किया। उन्होंने एडवांस्ड कॉर्डिएक इंस्टीट्यूट (एसीआई), क्षेत्रीय कैंसर संस्थान और नेत्र रोग विभाग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



श्री जायसवाल ने एसीआई में आईसीयू का निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में इलाजरत मरीजों के परिजनों से चर्चा कर उपचार और व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने यहां लीनियर एक्सीलरेटर और न्यूक्लियर मेडिसीन विभाग का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने नेत्र रोग विभाग में अपने आंखों की जांच भी करवाई।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पताल के निरीक्षण के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में कहा कि अगले एक साल में अस्पताल की सभी कमियों-खामियों को दूर कर प्रदेशवासियों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है।

विशेषज्ञों, डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ की कमी दूर करने के साथ ही नए मेडिकल उपकरणों व मशीनों तथा दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारियों को इलाज और जांच की



व्यवस्था में कसावट लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सभी तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध कराने और जांच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

श्री जायसवाल ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) द्वारा अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरणों की खरीदी और आपूर्ति में तेजी लाने के लिए वर्तमान व्यवस्था में जरूरी बदलाव किए जाएंगे, ताकि अस्पतालों को जरूरी मेडिकल उपकरण समय पर मिल सके। उन्होंने अत्यावश्यक दवाईयों और रिएजेंट्स की खरीदी के लिए मेडिकल कॉलेजों के डीन और संबद्ध अस्पतालों के अधीक्षकों को वित्तीय शक्तियां प्रदान करने की भी बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिजनों के रूकने के लिए आश्रय-गृह की व्यवस्था के लिए शीघ्र पहल करने की भी बात कही।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री जायसवाल को नेत्र रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. निधि पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विभाग को क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का दर्जा दिया गया है। उन्होंने इसके लिए पदों का नया सेट-अप स्वीकृत करने का आग्रह किया।

डॉ. पाण्डेय ने विभाग को रेटिना सर्जरी के लिए आवश्यक उपकरण (रेटिना विक्ट्रेक्टॉमी मशीन) जल्द स्थापित कराने का अनुरोध किया जिससे कि राज्य के लोगों को यह सुविधा यथाशीघ्र मुहैया कराई जा सके। चिकित्सा शिक्षा मंत्री द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डीन डॉ. तृप्ति नागरिया, मेडिकल अधीक्षक डॉ. एस.बी.एस. नेताम, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक चौधरी, डॉ. प्रदीप चन्द्राकर और डॉ. संतोष सोनकर भी उनके साथ थे।

### लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाएं: स्वास्थ्य मंत्री

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा और बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में काम-काज संभाल लिया है। श्री जायसवाल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित विभागीय कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले भी मौजूद थीं। श्री जायसवाल ने अधिकारियों से राज्य के सभी जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी शासकीय अस्पतालों में गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्री जायसवाल ने अधिकारियों से कहा कि वे शासकीय अस्पतालों का औचक निरीक्षण करें। उन्होंने नर्सिंग होम एक्ट को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉक्टरों के लिखे बिना दर्द निवारक दवाओं की बिक्री पर भी सख्ती से कार्यवाही करें। स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली।

# ई-जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष आवेदकों ने रखी अपनी मांग एवं समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** आयोजित कलेक्टर ई-जनदर्शन में जिले के आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से मुलाकात की। प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियें को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

एनआईसी कक्ष में आज सुबह 11 बजे से आयोजित ई-जनदर्शन में विकासखण्ड पखांजूर के ग्राम नवीनपल्ली के ग्रामीणों ने नवीन राजस्व ग्राम की अधिसूचना व राजपत्र के प्रकाशन में प्रगति लाने की मांग की। इसी तरह ग्राम माकड़ीखूना निवासी रघुनाथ नरेटी ने जमीन विवाद का निराकरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम कांकेर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। स्थानीय जनकपुर वार्ड के पार्षद नरेश बिछिया ने आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसके अलावा टिकरापारा कांकेर निवासी नीरज पाण्डेय ने आर्थिक सहायता प्रदाय करने एवं




आवास की मांग की। कंकालीनपारा वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ कार्य हेतु उन्हें अवसर प्रदान करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही करने टीप लिखकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी को अग्रेषित किया। आवेदक मुकेश कोसरे, प्रीतम मंडावी और काशीराम सिन्हा ने विश्राम गृह चारामा में अस्थाई/अकुशल श्रमिकों को यथावत रखे जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व संबंधित अधिकारी द्वारा मौखिक आदेश पर उन्हें उक्त कार्य से हटा दिया गया है। कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवेदन अग्रेषित किया।

इसी प्रकार पखांजूर के लक्ष्मीपुर पी.व्ही. 73 के आवेदक प्राणतोष सरकार ने अपनी निजी भूमि पर 200 नग लाल चंदन के वृक्ष रोपने हेतु शासन से अनुदान राशि की मांग की। गोविन्दपुर वार्ड की मिथिला राठौर ने पटवारी द्वारा गलत नक्शा तैयार करने की शिकायत करते हुए इसमें सुधार करने की मांग की। कांकेर के ग्राम रावस के शासकीय हाई स्कूल से सेवानिवृत्त व्याख्याता छबिलाल जैन ने जीपीएफएवं वेतन निर्धारण की राशि अब तक नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने प्रकरण का परीक्षण कराने जिला कोषालय अधिकारी को आवेदन पर टीप लिखकर अग्रेषित किया। स्थानीय भंडारीपारा के आवेदक बेनूराम पटेल ने मकान की क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम धौंराभाठा निवासी छबिला नेताम ने आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके पति के मृत्यु करंट की चपेट में आने से हो गई थी। पति के मृत्यु के उपरांत परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। इस पर कलेक्टर ने नियमानुसार प्रकरण का परीक्षण कर आगे की कार्यवाही करने तहसीलदार नरहरपुर को निर्देशित किया। नरहरपुर के वार्ड क्रमांक-14 की आवेदिका कुमारी अंजली नेताम, लालिमा नेताम और हर्ष नेताम ने पिता का वेतन विभाजन कर प्रतिमाह राशि दिलाने की मांग की। नरहरपुर के ही वार्ड क्रमांक-12 निवासी शांति नेताम ने पैतृक संपत्ति का हिस्सा दिलाने की मांग की। इसके अलावा पखांजूर के ग्राम पंचायत पुरूषोत्तमनगर पी.व्ही. 40 की अपर्णा गोलदार ने पति की मृत्यु उपरांत अनुकंपा नियुक्ति की मांग की। इस पर कलेक्टर ने उक्त प्रकरण मध्यप्रदेश सिवनी जिले से संबंधित होने की बात बताते हुए आवेदन संबंधित जिले से करने की सलाह दी। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के मांगों एवं समस्याओं को लेकर जिले के आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। ई-जनदर्शन में एसडीएम कांकेर मनीष साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा के दौरान नगर पंचायत बरमकेला के लोगों में जबरदस्त उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बरमकेला के बस स्टैंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि एवं हेमसागर नायक अध्यक्ष नगर पंचायत विशिष्ट अतिथि रामकुमार नायक उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षद विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेश चौहान एवं नगरपालिका अधिकारी अनिल सोनवानी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला के प्राचार्य मोहनलाल पटेल और शिक्षिका भुनेश्वरी गोपाल के निर्देशन में छात्राओं ने 4 नृत्य और भाषण प्रस्तुत किया। इस शिविर मे विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को नागरिकों के सामने शिविर में बताया गया। संकल्प यात्रा शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं का स्टाल लगा हुआ था जिसमें पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान), राजस्व, पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। इस यात्रा के स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में 997 लोगो ने इलाज कराया। पीएम आवास में 327, पीएम विश्वकर्मा में 256, पीएम स्वनिधि में 348, पीएम उज्ज्वला में 156, आयुष्मान कार्ड में 12, आधार कार्ड में 150 नागरिकों ने योजना की जानकारी लेकर इच्छुक नागरिकों ने आवेदन किए।

लाभार्थी हितग्राहियो ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का लाभ लिया। बरमकेला नगर पंचायत में इस यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल था जिससे एक ही स्थान पर नगर वासियों को योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर यशवंत नायक, दीपक विश्वकर्मा, मनीष नायक पत्रकार मोहनलाल नायक, शोभादास मानिकपुरी, देवराज दीपक, कबीरदास, सुधीर चौहान आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में कल से बदलेगा मौसम इन इलाकों में बारिश के आसार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में हुई बढ़ोतरी से नए साल के पहले दिन ठंड थोड़ी कम रही। साथ ही रायपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी रही। मौसम विभाग का कहना है पश्चिमी विक्षोभ अब भारतीय क्षेत्र से आगे बढ़ गया है, लेकिन हवा की दिशा अभी भी पूर्व दक्षिण पूर्व बनी हुई है। इसके चलते प्रदेश में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

बुधवार तीन जनवरी से बस्तर क्षेत्र में हल्की बारिश के भी आसार है, अन्य क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे।



सोमवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से इन दिनों नम हवाएं ज्यादा आ रही है, इसके चलते नए साल के पहले दिन ठंड भी थोड़ी कमतर रही। रायपुर का न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साामन्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके साथ ही प्रदेश भर में बलरामपुर सबसे ठंडा रहा, आरजी बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी कुछ दिन मौसम का रुख ऐसा ही रहेगा। छह जनवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी और ठंड में बढ़ोतरी शुरू होगी। न्यूनतम तापमान में हुई बढ़ोतरी के कारण थोड़ी उमस रही। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ अब भारतीय क्षेत्र से आगे बढ़ गया है। हालांकि हवा की दिशा में पहले जैसे ही बनी हुई है, इसके चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मंगलवार को प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



## खास खबर...

### नववर्ष के पहले दिन मंत्री ओ.पी. चौधरी ने किया कार्यभार ग्रहण



**रायपुर।** नववर्ष के पहले दिन वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने आज यहां महानदी भवन स्थित मंत्रालय में पूजा-अर्चना के पश्चात् कार्य भार ग्रहण किया। मंत्री श्री चौधरी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर उपस्थित विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने मंत्री श्री चौधरी का स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री ने एक्सपोसैट के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एक्सपोसैट के सफल प्रक्षेपण पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता का श्रेय इसरो के वैज्ञानिकों की मेधा एवं कड़े परिश्रम को जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिस तरह से देश को वैज्ञानिक क्षमता एवं तकनीकी दक्षता से आगे बढ़ा रहे हैं, उससे निश्चित रूप से देश को निकट भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने देशवासियों को नववर्ष के अवसर पर अमूल्य तोहफा दिया है।

### जिले में 03 से 05 जनवरी तक विशेष ग्रामसभा का होगा आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिले के समस्त ग्रामों में 03 जनवरी से 05 जनवरी 2024 तक विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त तिथि को आयोजित होने वाले ग्राम सभा में गणपूर्ति कराने का दायित्व संबंधित पंचायत के पंच, सरपंच एवं सचिव का होगा। उक्त शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत शेष पीडब्ल्यूएल एवं आवास प्लस सूची में शामिल परिवारों में से ही संबंधित हितग्राही का पात्रता परीक्षण, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्राप्त सर्वे डाटा अनुसार विशेष पिछडी जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) चिन्हांकित परिवारों की पात्रता परीक्षण, वन अधिकार मान्यता पत्र के पात्र आवेदनो का ग्राम सभा में अनुमोदन, जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों का ग्राम सभा में अनुमोदन, पीएम जनमन के अंतर्गत बहुउद्देशीय केन्द्र निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता सहित ग्राम सभा प्रस्ताव पारित कराना सहित अन्य निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री से भेंटकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहां मंत्रालय महानदी भवन स्थित उनके कार्यालय में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, पीसीसीएफ व्ही. श्रीनिवास राव, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, सचिव अंकित आनंद, डॉ. एस. भारतीदासन ने सौजन्य मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी सभी अधिकारियों को नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिव, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, विभाग प्रमुख, मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मुख्यमंत्री से मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करें अधिकारीः विष्णु देव साय

**मोदी की गारंटी पूरा करना सबसे अहम, न्यूनतम समय में पूरी गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन के लिए करें काम**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नये साल के दिन जब मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय काम-काज निपटाने पहुंचे, तो इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिवों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें नव-वर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि आज साल का पहला दिन है।**

आज हम समीक्षा करें कि किस तरह अगले एक साल में अपने विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर रणनीति और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर सकते हैं। नई सरकार से लोगों में बहुत सी उम्मीदें हैं। इन सबको पूरा करने के लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी है। मंत्रालय में सचिव स्तर के अधिकारी लोक कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं पर जितनी बेहतरी से कार्य करेंगे, जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में स्थानीय अधिकारियों को उतनी ही मदद मिलेगी।



सचिवों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तक मोदी जी की गारंटी आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन्हें पूरा करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिये गये हैं। शासन की मंशा के मुताबिक लोक कल्याणकारी योजनाओं में तेजी से प्रगति लानी है। हमने सुशासन दिवस पर अटल मानिटरिंग ऐप भी लांच किया है। इसके माध्यम से हमें योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति पर नजर रखें। जहां किसी तरह की दिक्कत आ रही हैं, उन्हें समय-समय पर अवगत कराते रहें ताकि तत्काल ही सुधारात्मक उपाय किये जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता ने हम पर भरोसा जताया है और हम सुशासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। नये साल का मौका हमको नये उत्साह से भरता है, उम्मीद है कि इस दिशा में सभी बेहतर काम करेंगे।

## बोनस राशि के भुगतान में हीला-हवाला करने वाले बैंकर्स के विरूद्ध होगी कार्रवाईः सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के किसानों को 25 दिसम्बर को प्रदाय की गई धान बोनस की राशि के आहरण में सहकारी बैंकों के प्रबंधकों द्वारा टाल-मटोल किए जाने के शिकायत मिलने पर गहरी नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी सहकारी बैंकों के प्रबंधकों को किसानों की मांग के आधार पर उनके खाते से तत्परता से राशि का आहरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को अपने बैंक खाते से राशि निकालने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में कलेक्टरों द्वारा जिले में इस व्यवस्था पर निगरानी सुनिश्चित कराने के साथ ही हीला-हवाला करने वाले बैंकर्स के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिलासपुर जिले के करगी रोड सहकारी बैंक के प्रबंधक द्वारा धान बोनस की राशि आहरण में किसानों से कमीशन मांगे जाने की शिकायत की प्रारंभिक जांच सही पाये जाने पर वहां के प्रभारी शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर श्री अवनीश शरण के निर्देश पर जिला सहकारी बैंक के सीईओ द्वारा आज निलंबन आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रभारी शाखा प्रबंधक श्री हरिश कुमार वर्मा के विरूद्ध किसानों ने कमीशन मांगे जाने एवं नहीं दिये जाने पर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की थी। कलेक्टर ने मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाये जाने के फलस्वरूप प्रभारी प्रबंधक के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के मार्गदर्शन मे हुआ जनचौपाल का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के मार्गदर्शन मे अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई ने आज कलेक्टोरेट में जन चौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।**

श्री पंचभाई ने जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को सुना और उन आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ आम लोगों को



समय पर दिलाना सुनिश्चित करे। आज जनदर्शन में कुशालपुर निवासी विजय सोना ने वार्ड-66 के अंतर्गत नाली का निर्माण कराने, जीतू बाबर ने अवैध वसूली करने वाले कुली सुनील नायक पर कार्रवाई करने और मुरारी पटेल ने सफाई ठेकेदारों पर कार्रवाई करने, मोवा निवासी अरूण पाण्डेय ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जॉच के संबंध में, अश्वनी नगर के कौशल प्रसाद उपाध्याय ने स्वयं के मकान एवं जमीन का कब्जा सुरक्षित कराने, डी.के.एस पी.जी.आई एवं रिसर्च सेंटर हॉस्पिटल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि नही मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी प्रकार डूंडा निवासी अविनाश साहू ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे व दुकान निर्माण की शिकायत कर कब्जा मुक्त कराने आग्रह किया।

कटोरा तालाब निवासी विजय बजाज ने ग्राम काठाडीह स्थित शासकीय भूमि पर अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा कब्जा करने की शिकायत और उचित कार्रवाई की मांग की, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने ग्राम अकोली के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बालक शौचालय का निर्माण कराने, गांव के सडक की मरम्मत कराने और सड़क डामरीकरण के कार्य को शीर्ष पूरा कराने आवदन दिया इसी तरह अन्यों ने भी अपनी शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन अपर कलेक्टर को दिए।

## आम जनता को शासन की योजना का लाभ पहुंचाने हुआ शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम कटसीरा एवं धंवईपुर में पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवंर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री जनमन शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ, घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं से हो रहे है अवगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने की तेज पहल की जा रही है।**

पोषण चौपाल व शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने उनके घर तक पहुंचकर जागरूक करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत करा रहे हैं।



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाया जा रहा है। अधिकारी कर्मचारी शिविर के माध्यम से से अवगत हो रहे हैं। इनका चिन्हांकन कर सभी विशेष जनजातीय समूहों के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर उन्हें लाभ प्रदान कराने व व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना बनाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। इसी कड़ी में महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम झालखमहरिया में जिला प्रशासन कमार परिवारों के घर जाकर उनसे जानकारी एकत्र कर रहा है। प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं से अवगत होकर उन्हें संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी दी जा रही है इसके साथ ही शिविर लगाकर योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष पिछड़ी जनजातियों को वीडियो संदेश के माध्यम से जानकारी दी जा रही है और हितग्राहियों को जनमन कार्ड भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, आधर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पक्का आवास, नल जल योजना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# आस और विश्वास के दस सूत्र

**जीवन में नएपन का स्वागत शोर और चमक-दमक के साथ ही किया जाए, यह जरूरी नहीं है। सादगी और सरलता के साथ भी हर दिन बेहतरी की ओर बढ़ा जा सकता है। बात बड़े-बड़े सपनों और इरादों की नहीं है। कई बार बस इतना ही काफी होता है कि हम कुछ नया करें और नई शुरुआत के जादू पर भरोसा रखें।**



खूबसूरत जिंदगी



लेखिका व टाइनी बुद्धा की संस्थापक। जीवन की जटिलताओं को सरल तरीके से रखने में यकीन।

लॉरी डेशेन

हम एक-दूसरे को जानते नहीं हैं, लेकिन फिर भी हम एक जैसे ही हैं। मैं चाहती हूं कि आने वाले नए साल में आप अपने परिजनों और स्वयं के लिए अपने सबसे शानदार रूप में मौजूद रहें। लेकिन, उसके लिए यह समझना होगा कि नए साल में किन चीजों का साथ बनाए रखेंगे और किन चीजों को पीछे छोड़ देना बेहतर होगा। यह इसलिए भी जरूरी है ताकि इस नए वर्ष में आप अपनी खुशियों में बढ़ोतरी करने के साथ दुनिया पर भी अपना सकारात्मक प्रभाव छोड़ पाएं।

नव वर्ष के लिए आपके सपने और इरादे कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आपका नया साल कैसा जाएगा, यह आपकी रोजमर्रा की मानसिक स्थिति पर ही निर्भर करता है। असल में कोई व्यक्ति सब कुछ हासिल कर लेने के बाद भी हताश और खाली महसूस कर सकता है, जबकि किसी को छोटी-छोटी चीजों से ही खुशियां मिल जाती हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आपकी सोच, मान्यताएं और खुद के प्रति नजरिया ही आपके जीवन को बनाता या बिगड़ता है।

इसलिए मैंने कुछ ऐसी सकारात्मक बातों की सूची बनाई है, जिनकी मदद से हम अपना नया साल बेहतरीन और खुशगवार बना सकते हैं।

### 01 सजगता का अभ्यास

जब हम हर समय इधर-उधर भागते रहते हैं तो बहुत-सी जरूरी बातों पर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं। इस तमाम आपाधापी में जीवन के वो खूबसूरत क्षण खो जाते हैं, जिन्हें हमें जीना चाहिए। नतीजा, तमाम प्रयासों और मेहनत के बावजूद मन को सुकून नहीं मिलता और संतुष्टि का अनुभव नहीं हो पाता। तब हम हैरान होकर सोचते हैं कि आखिर समय कहां चला गया। इसलिए जरूरी है कि अपनी चेतना से जुड़ते रहने का अभ्यास किया जाए ताकि हर पल को ढंग से जी सकें। ऐसा करने से जीवन की सारी भागदौड़ और व्यस्तताओं के बावजूद शांति, प्रेम, सौहार्द, जागरूकता और सजीवता का अहसास होगा।

### 02 बदलाव को स्वीकारें

जीवन का अर्थ यह नहीं है कि हमारे साथ क्या हुआ, महत्त्वपूर्ण यह है कि हमने उस घटना को किस प्रकार से लिया। क्योंकि कभी-कभी बहुत ज्यादा निराशा के बीच से ही रोशनी की किरण झिलमिलाती है। इसलिए बदलाव को स्वीकारने के लिए सहर्ष तैयार रहने की कोशिश करनी चाहिए। जीवन कभी सीधी रेखा पर नहीं चलता और उतार-चढ़ाव आने स्वाभाविक हैं। बेहतर यही होगा कि बुरे वक्त से सबक लिया जाए और अच्छे की खोज जारी रखी जाए। ऐसा करने से आगे बढ़ना और हर परिस्थिति के अनुरूप स्वयं को ढालना आसान हो जाता है। तब आप हर समय शिकायत नहीं करते, ना ही खुद को पीड़ित और लाचार समझते हैं।

### 03 स्वयं पर करें भरोसा

किसी भी परिस्थिति में अपनी काबिलियत पर यकीन बनाए रखें और खुद में विश्वास पैदा करें कि आप किसी भी स्थिति का सामना करने में पूरी तरह सक्षम हैं। हालात चाहे जो भी हों, आपके भीतर उन्हें सुधार देने का हौसला और योग्यता भरपूर है। साथ ही यह भी जरूरी है कि आप जीवन के कटु अनुभवों और संघर्षों से सबक लें, इससे जीवन के प्रति आपका नजरिया बेहतर बनेगा और आप चुनौतियों से घबराएंगे नहीं। यही वो बात है जब आप केवल अपनी ही नहीं, दूसरों की सहायता भी बेहतर ढंग से कर पाते हैं। दूसरों की ओर मदद का हाथ बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। बेशक भविष्य किसी ने नहीं देखा है। पर, ये भरोसा रखें कि वर्तमान आपके हाथ में है और उसे आप संवार ही लेंगे।

### 04 आलस्य नहीं है आराम

लगातार भागते रहना रोमांच पैदा करता है और महसूस होता है कि आप सब कुछ हासिल कर सकते हैं। लिहाजा आप बिना रुके भागते ही चले जाते हैं। लेकिन बहुत लंबे समय तक यही करते रहना का विपरीत प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ता है। इसलिए जब भी थकान का अनुभव हो या सिर में दर्द हो तो कुछ देर ठहरकर आराम जरूर करें। आराम की इच्छा का अर्थ हमेशा आलस्य नहीं होता, कभी-कभी यह हमारे शरीर का संकेत भी होता है कि अब थोड़ा रुक जाना चाहिए, क्योंकि उसे आराम की जरूरत है।

### 05 यथार्थ को स्वीकारें

हम चाहते हैं कि हमेशा सबसे आगे रहें और जीत हासिल करते रहें, लेकिन ऐसा हमेशा संभव नहीं होता। इसलिए अपनी वास्तविकता को स्वीकारना सीखें। असल में कभी-कभी रुक कर जीवन के प्रति चिंतन करने की भी जरूरत होती है, लेकिन वह समय अकेलेपन का अहसास भर देता है। ऐसे में स्वयं को स्वीकारने और वास्तविकता को अपना लेने से आगे बढ़ना सरल हो जाता है। इसलिए नए साल में हमेशा खुद को आगे बढ़ते रहने का सुझाव देने की बजाय अपने वर्तमान को स्वीकारना सीखें ताकि सही दिशा में आगे बढ़ा जा सके।

### 06 आगे की सोचें

वर्तमान में जीना महत्त्वपूर्ण है। लेकिन, आने वाले समय के बारे में विचार करना भी उतना ही जरूरी है। क्योंकि, यह फैसला लेना महत्त्वपूर्ण है कि आपात स्थिति में आप क्या करेंगे? मान लीजिए, कोई धूमकेतु धरती से टकराने वाला है और धरती खत्म होने के कगार पर है। ऐसे में आप उन बातों को लेकर चिंता में डूब जाएंगे जिन पर आपका नियंत्रण नहीं या फिर उन अंतिम दिनों को अपने परिवार और प्रियजनों के साथ बिताना चाहेंगे? कहने का अर्थ है कि अपने नियंत्रण से बाहर की बातों पर अपनी ऊर्जा खर्च करने की बजाय उन सकारात्मक पहलुओं पर गौर करें जो आपको आगे बढ़ने में सहायता कर सकते हैं। बेकार की चिंताएं हमें वह करने से भी रोक देती हैं, जो हम कर सकते हैं।

### 07 रखें अपनी जरूरतों का ध्यान

हममें से बहुत-से लोग अपनी जरूरतों पर ध्यान ही नहीं देते। इसे खुदगर्जी मानते हैं या उसे जरूरी नहीं समझते। पर, कभी खुद से यह पूछना जरूरी है कि आपकी इच्छाएं और जरूरतें क्या हैं? किन बातों से आपको खुशी मिलती है? ऐसी किसी बात का चिंतन करते समय दूसरों से तुलना नहीं करें, न ही विज्ञापनों को आधार बनाएं। आपकी असल जरूरतें सिर्फ आपकी अंतरात्मा ही बता सकती है। मसलन, आपको रचनात्मक होना पसंद है या प्रकृति का साथ भाता है या अपने जीवन से तनाव कम करना चाहते हैं। एक बार यह जान लेने के बाद अपनी उन जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करें।

### 08 बेहतर बनने की हो कोशिश

सिर्फ उन कामों की सूची नहीं बनाएं, जिन्हें आप पूरा करना चाहते हैं। बल्कि उन बदलावों की सूची भी बनाएं, जो आपको बेहतर इनसान बना सकते हैं। हंसना, प्रेम, सौहार्द, करुणा, मित्रता, प्रशंसा, माफ करना, सहयोग, शांत रहना और ईमानदारी जैसे गुण किसी व्यक्ति को बेहतर इनसान बनाने के लिए जरूरी होते हैं। जीवन की गुणवत्ता इस पर निर्भर नहीं करती कि आपने क्या हासिल किया, बल्कि इससे तय होती है कि आप कैसे इनसान हैं।

### 09 मानसिक सेहत पर ध्यान

कभी-कभार तमाम भागदौड़ और कोलाहल को पीछे छोड़कर एकांत में समय बताएं। तब खबरों, मोबाइल फोन, इंटरनेट से छुट्टी लें और सोशल मीडिया पर ज्यादा समय खर्च नहीं करें। उन लोगों से भी दूरी बनाएं, जो नकारात्मकता भरते हैं। कुल मिलाकर, पूरी तरह अपनी मानसिक सेहत पर ध्यान दें। मन का अच्छा होना, तन पर ही नहीं जीवन के हर क्षेत्र पर अच्छा प्रभाव डालता है।

### 10 हमेशा खुश रहना नहीं जरूरी

आप हमेशा खुश और आशावादी ही महसूस करें, यह जरूरी नहीं। प्रसन्नता की ही तरह तनाव और चिंता महसूस करना भी पूरी तरह स्वाभाविक है। बेशक ऐसे क्षण घबराहट और अकेलापन बढ़ा देते हैं, लेकिन अपनी इन भावनाओं को भी स्वीकार करना बहुत जरूरी है। तभी आप असहजता से सहजता की ओर बढ़ सकेंगे।

tinybuddha.com



# कुदरत के कैनवास पर सजा मेघमलाई

रोमांचक ट्रेक मार्गों और लुभावने प्राकृतिक दृश्यों से प्रचुर एक ऐसी जगह, जहां जाकर सारा तनाव छूमंतर हो जाता है और याद रह जाती है ताजगी। जी हां, हम बात कर रहे हैं तमिलनाडु के पश्चिमी घाट के थेनी जिले में बसे मेघमलाई की। समुद्रतल से लगभग 1,500 मीटर ऊपर स्थित यह छोटा सा पहाड़ी गांव चाय और इलायची के बागानों से घिरा हुआ है। पेरियार टाइगर रिजर्व के निकट स्थित यह स्थान अपनी हरी-भरी पहाड़ियों और रहस्यमय ढंग से चोटियों पर छाए बर्फ जैसे बादलों के लिए जाना जाता है। अगर आप अपने परिवार के साथ एक सुखद यात्रा करना चाहते हैं, तो यह जगह मुफीद है। यहां आपको जंगल जीप सफारी, चाय एस्टेट पर्यटन, हरी-भरी पहाड़ियों के बीच साइक्लिंग या ट्रेक करने का मौका मिलेगा।

### अन्य आकर्षण

- करीब 600 वर्ग किलोमीटर में बने मेघमलाई वन्यजीव अभयारण्य जा सकते हैं। यह एक शांत झील का घर भी है, जहां विभिन्न प्रकार के पक्षियों और जानवरों को डुबकी लगाते देखा जा सकता है।
- महाराजामेट्टू व्यू पॉइंट, मेघमलाई फॉल देखने के अलावा मुरुगन मंदिर या मंगला देवी मंदिर भी जा सकते हैं।

### कैसे और कब जाएं

- मदुरै हवाई अड्डे से यह जगह लगभग साढ़े तीन घंटे की दूरी पर है। अगर ट्रेन से आना चाहते हैं, तो यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन मदुरै रेलवे स्टेशन है, जो लगभग 119 किमी दूर है। यहां से टैक्सी लेकर अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं।
- मेघमलाई की यात्रा के लिए सबसे अच्छा मौसम सर्दी का मौसम है।
- अपने साथ हल्के ऊनी कपड़े जरूर लेकर जाएं।

# भीतर से नए होने पर रोज होगा नव वर्ष

**हम हर साल, साल के पहले दो-एक दिनों को नव वर्ष की शुरुआत के रूप में मनाते हैं। पर ये कुछ दिनों बाद ही पुराने हो जाते हैं। लेकिन जब हम अध्यात्म की गहराई में जाते हैं तो अपने भीतर को छूने लगते हैं। हमारा हर दिन नया होने लगता है। जरूरत भीतर से नया होने की है और ऐसा होते ही रोज नव वर्ष होगा**

नए वर्ष में पहली बात तो यह कहना चाहूंगा कि दिन तो रोज ही नया होता है, लेकिन रोज नए दिन को न देख पाने के कारण हम वर्ष में कभी-कभी नए दिन को देखने की कोशिश करते हैं। अपने को धोखा देने की तरकीबों में से एक तरकीब यह भी है। दिन तो कभी भी पुराना नहीं लौटता, रोज ही नया होता है। हर पल और हर क्षण नया होता है। लेकिन हमने अपनी पूरी जिंदगी को पुराना कर डाला है। उसमें नए की तलाश मन में बनी रहती है। तो वर्ष में एकाध दिन नया दिन मान कर अपनी इस तलाश को पूरा कर लेते हैं।

लेकिन सोचने जैसा है, जिसका पूरा वर्ष पुराना होता हो, उसका एक दिन नया कैसे हो सकता है? जिसकी एक वर्ष पुराना देखने की आदत हो, वह एक दिन को नया कैसे देख पाएगा? मैंने कल तक हर दिन, हर सुबह को पुराना देखा है, तो फिर आज की सुबह को नया कैसे देख सकूंगा?

मैं ही देखने वाला हूं। और मेरा जो मन हर चीज को पुरानी कर लेता है, वह आज को भी पुराना कर लेगा। तब फिर नए का धोखा पैदा करने के लिए नए कपड़े हैं, उत्सव है, मिठाइयां हैं, गीत हैं; फिर हम नए का धोखा पैदा करना चाहते हैं। लेकिन न नए कपड़ों से,न नए गीतों से कुछ हो सकता है। इसके लिए नया मन चाहिए! जिसके पास नया मन हो, उसका कोई दिन पुराना नहीं होता। जिस व्यक्ति को नए से संबंध जोड़ना हो, उसे उगते फूलों को देखना चाहिए। उसे कांटे गिनना छोड़ देना चाहिए। उसे नए के स्वागत और सम्मान में जीना चाहिए। उसे



अनजान के लिए अपने भीतर प्रवेश के लिए खुला द्वार रखना चाहिए। तब प्रतिदिन नया है। प्रति संबंध नया है, तब सारी जिंदगी नई है। नए के बीच जो जीता है, उसके भीतर अगर नए का फूल खिल जाता हो तो आश्चर्य नहीं है। क्योंकि पुराने के बीच जो जीता है, उसके भीतर सब सिकुड़ जाता है और मर जाता है। हम अपने चारों तरफ क्या इकट्ठा कर रहे हैं, इस पर निर्भर करेगा कि हमारे भीतर क्या घटित होगा। हमारे भीतर जो घटना घटेगी, वह हमारे हाथ से ही इकट्ठी की हुई है।

तो एक तो रास्ता यह है, जो चलता आया है कि वर्ष में एक दिन नया होता है और तीन सौ चौंसठ दिन पुराने होते हैं। जब तीन सौ चौंसठ दिन पुराने होते हैं तो एक दिन नया कैसे हो सकता है? मैं आपसे यह कह रहा हूं कि तीन सौ पैंसठ दिन ही नए हो सकते हैं। प्रतिपल नया हो सकता है। नए की तैयारी तथा नए का सम्मान और नए के लिए मन का द्वार खुला होना चाहिए। जो कभी नहीं हुआ, वह आज हो। इसके लिए हमारा खुला मन होना चाहिए कि जो कभी नहीं हुआ, वह आज हो। हो सकता है वह दुख में ले जाए। लेकिन मैं आपसे कहता हूं, पुराने सुखों से नए दुख भी बेहतर होते हैं।

नए वर्ष के लिए मैं कुछ नहीं कहूंगा। क्योंकि आप ही तो नया वर्ष फिर जीएंगे, जिन्होंने पिछला वर्ष पुराना कर दिया; आप नए वर्ष को भी पुराना करके ही रहेंगे। आपने न मालूम कितने वर्ष पुराने कर दिए! आप पुराना करने में इतने कुशल हैं कि नया वर्ष बच पाएगा, इसकी उम्मीद बहुत कम है। आप इसको भी पुराना कर ही देंगे। और एक वर्ष बाद फिर इकट्ठे होंगे और फिर सोचेंगे, नया वर्ष। ऐसा आप कितनी बार नहीं सोच चुके हैं! लेकिन नया आया नहीं! क्योंकि आपका ढंग पुराना पैदा करने का है। अब कितने सब मित्र नए वर्ष पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देंगे। इन मित्रों को पिछले वर्ष भी उन्होंने दी थीं। और फिर हम शुभकामनाओं को बड़े सरल मन से ग्रहण करेंगे और सरल मन से उनका प्रदान भी करेंगे। और जानते हुए कि यह सब व्यर्थ है, इसका कोई मतलब नहीं है।

नए वर्ष की फिक्र न करें। नए का कैसे जन्म हो सकता है, इस दिशा में थोड़ी-सी बातें सोचें। मैं एक ही बात कह सकता हूं कि आपको याद दिलाऊं कि आपने इतने वर्ष पुराने कर डाले, तो नए वर्ष पर आप खयाल रखना कि अब फिर वही न करना आप, जो अब तक किया है। इसको फिर वापस पुराना मत कर डालना। इसे नए करने की कोशिश करना। यह नया हो सकता है। और अगर यह नया हो गया तो प्रतिदिन नया हो जाता है, प्रतिदिन नए वर्ष का आरंभ है। पुराना टिकता ही नहीं, बचता ही नहीं, सब बह जाता है।

लेकिन हम ऐसा पकड़ते हैं पुराने को कि नए को होने के लिए अवकाश नहीं रह जाता। अगर हम अपने मन की खोजबीन करें, तो सब तरफहम पुराने को इतने जोर से पकड़े हुए हैं कि नए के लिए जगह कहां है? नया आए कहां से आपके घर में? आपके चित्त में नए की किरण प्रवेश कहां से करे? आप तो पुराने को इतने जोर से पकड़े हुए हैं। उसे छोड़ते ही नहीं, रत्ती भर जगह नहीं छोड़ते उसमें। वहां जगह की जरूरत है, वहां से नया आ सकता है। आपके भीतर नया पैदा हो सके, ऐसी परमात्मा से प्रार्थना करता हूं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सर्व आदिवासी समाज ने पूजा कर निकाली कलश यात्रा

**कोरबा।** कोरबा जिले अंतर्गत ग्राम बोईदा में इस वर्ष भी कांति मैदान में सर्व आदिवासी समाज ने पूजा अर्चना की। कलश यात्रा कांति मैदान से मांदर की थाप पर निकली शोभायात्रा में आदिवासी अपनी संस्कृति की झलक दिखा रहे थे। युवक-युवतियां, महिला, पुरुष ने जय सेवा जय बूढ़ादेव के जयकारे के साथ कलश यात्रा बस स्टैंड, गुड़ी चैक, आनंद नगर, सडकपारा होते हुए वापस कांति मैदान पहुंची। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन में सरपंच हेमलता जगत, चन्द्रभान पोर्ते, डीपी कोर्राम, कांति मैदान अध्यक्ष बसंत मरावी, मनोज जगत, पूर्व सरपंच ईश्वरी मरावी, सिरली सरपंच सेवक राम मरावी, संत मरावी, राजेश जगत, चन्द्रभान आयाम, नरेन्द्र मरकाम, सविता मरावी, मीरा बाई मरावी, रीना मरावी, फुल बाई, दुर्गेश मरावी, रामकुमार जगत, नरेश मरावी, बलदेव मरावी, उदय सिंह मरावी, बलदेव जगत, भुनेश्वर मरावी, यश जगत, लम्बोदर कंवर, बिरेन्द्र मरावी, हेमंत मरावी, बलदाऊ जगत, तुला ओटी, यश जगत, कपिल मरावी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा : हितग्राहियों को बी-वन खसरा वितरित

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जिले के कांकेर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकड़ी में आयोजित कार्यक्रम में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक नेताम ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ हर वर्ग के व्यक्तियों तक पहुंचे, यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थिति ग्रामीणजनों से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। साथ सभी ग्रामवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ भी दिलाई। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत चिल्हाटी एवं कोरर में आयोजित शिविर में नि:शुल्क बी-वन खसरा का वितरण किया गया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषक दयाराम को फसल क्षति से मिली राहत

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोदागांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के हितग्राही कृषक दयाराम आरदे ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए उपस्थित लोगों को बताया कि वर्ष 2021-22 में फसल बीमा योजना के तहत अपने खेतों के फसल का बीमा करवाया था। फसल की क्षति होने की स्थिति में इसके तहत उन्हें लगभग 46 हज़ार रुपए की बीमा राशि सीधे उनके खाते में जमा हुई। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी बीज, खाद और दवाईयों सहित खेती कार्य हेतु अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मदद मिल रही है।

# कैट हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान चलायेगा - अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में मिटिंग आयोजित की गई थी। मिटिंग का विषय कैट हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान चलायेगा पर चर्चा हुई।




कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम के मंदिर का शुभारंभ को भारत में एक अविस्मरणीय दिन बनाने तथा उस दिन देश भर में दीपावली मनाये जाने को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) 01 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के सभी राज्यो में हर शहर अयोध्या - घर घर अयोध्या अभियान चलायेगा। जिसमें अपने शहर के सभी व्यापारी संगठनों की मिटिंग बुलाई जायेगी जिसे राम संवाद कार्यक्रम का नाम दिया जायेगा। इस मिटिंग में स्थानीय सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य संगठनों को बुलाया जायेगा। और कैट द्वारा चलाये जाने वाले अभियान पर चर्चा कर 22 जनवरी तक के सभी कार्यक्रम तय किये जायेगें। और उन्हे सफल बनाये जाने की योजना बनाई जायेगी।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि 01 जनवरी से बाजारों में दुकान-दुकान जा कर राम जी के झंडा, पटका तथा स्टीकर, पोस्टर दुकानों पर लगाने के लिए वितरण कार्यक्रम का आंरभ। यह लगातार चलता रहेगा। शहर के विभिन्न बाजारों में राम फेरी निकालना जो एक प्रकार की पैदल यात्रा हो जिसमें राम जी के भजन बजे और व्यापारियों से संपर्क हो । शहर एवं बाजारों में होर्डिग एवं पोस्टर भी लगाये जाऐगें। बाजारों एवं व्यापारियों के घरो एवं रिहायशी कॉलोनियों, मंदिरों में राम चौकी आयोजित कर प्रभु श्री राम के भजन कार्यक्रम आयोजित किये जाऐगें। कीर्तन मंडली अथवा गायक कलाकार को बुलाकर सुन्दरकाण्ड पाठ किया जायेगा। शहर के सभी बाजारों में आर्कषक रोशनी किया जायेगा।

शहर में अनेक स्थानों पर श्री राम मंदिर के माडल एवं चित्र रख कर अयोध्या के अयोजन को बडी एलईडी के जरिए लोगों को सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की जायेगी। सभी व्यापारियों को अपने-अपने घरों में रंगोली बनाये, सजावट करें तथा घरों पर रोशनी सजायें एवं श्री राम की पूजा करें । जिस प्रकार से दिवाली पर दिये जलाये जाते है, उसी प्रकार से दिये जलायें और 22 जनवरी को हर हालत में दिवाली जैसा माहौल बनायें ।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि इस श्रृंखला में विशेष निवेदन है कि इस ऐतिहासिक दिन की स्मृति में श्री राम मंदिर के मॉडल को न केवल अपनी दुकान एवं घरों में रखे बल्कि व्यापारियों को मॉडल को उपहार में देने के लिए भी प्रेरित करें। श्री राम मंदिर मॉडल विभिन्न साइजो में बाजार में उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित

# साक्षात्कार में शामिल होने हेतु 469 परीक्षार्थी पात्र

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग द्वारा 17 दिसंबर 2023 को कल्याण महाविद्यालय, भिलाई नगर परीक्षा केन्द्र में 19 विषयों हेतु आयोजित पीएचडी प्रवेष परीक्षा के प्रथम चरण अर्थात लिखित परीक्षा के परिणाम विष्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिये गये है। विष्वविद्यालय की पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि कुल 469 परीक्षार्थी यूजीसी के राजपत्र में प्रकाषित नियमानुसार द्वितीय चरण अर्थात साक्षात्कार हेतु पात्र घोषित किये गये है।

इसमें पीएचडी प्रवेष लिखित परीक्षा में नियमानुसार 50 प्रतिषत् से अधिक प्राप्त करने वाले सामान्य वर्ग के परीक्षार्थी शामिल है वहीं राजपत्र के नियमानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परीक्षार्थियों को प्राप्तांकों में पांच प्रतिषत् अंकों की छूट प्रदान की गई है।

डॉ. लाल ने बताया कि नेट/सेट/गेट परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को पीएचडी लिखित प्रवेष परीक्षा से छूट प्राप्त थीं अब इन सभी परीक्षार्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित साक्षात्कार में शामिल होना होगा। साक्षात्कार की सूचना पृथक से विष्वविद्यालय के वेबसाइट एवं अन्य समाचार माध्यमों के जरिये प्रसारित की जायेगी। सम्भवत: जनवरी के द्वितीय सप्ताह में साक्षात्कार आयोजित होंगे। डॉ. लाल ने बताया कि नेट/सेट/गेट परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साक्षात्कार समाप्त हो जाने के पश्चात् पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण एवं साक्षात्कार हेतु पात्र घोषित किये गये परीक्षार्थियों के साक्षात्कार आयोजित होंगे। सभी साक्षात्कार विष्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित होंगे। जिसमें विषय-विषेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि पीएचडी प्रवेष परीक्षा एवं नेट/सेट/गेट उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का विवरण विष्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# आदिवासियों की संस्कृति समाज की आत्मा, धरोहर एवं मेरूदंड है - ठाकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति आदिवासी समाज की आत्मा, धरोहर एवं मेरूदंड है। उन्होंने कहा कि यदि आदिवासी समाज को बचाए रखना है तो आदिवासियों की गौरवशाली संस्कृति एवं विरासत को अक्ष्क्षुण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

श्री ठाकुर को बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बगईकोन्हा में कोया पूनेम संवैधानिक कार्यशाला एवं कैरियर मागदर्शन के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गोण्डवाना महासभा के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रमुख प्रशिक्षक तुकाराम कोर्राम, ब्लॉक संरक्षक बिशनाथ सिंह गोटा, कार्यकारी अध्यक्ष भावसिंह वट्टी, सरपंच ग्राम पंचायत बगईकोन्हा तिलक राम नेताम, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार कोरेटी, महासचिव महाराम सोरी, खाद्य निरीक्षक धरमु किरंगे, व्याख्यता टीएस मण्डावी सहित अन्य समाजगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति अत्यंत वैभवशाली एवं विश्व की समस्त संस्कृतियों की जननी है। जिनका उल्लेख देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने अपने विश्व विख्यात पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' में की है। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के शिक्षा, संगठन एवं ज्ञानार्जन को अत्यंत आवश्यक बताया। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों को ठोस रणनीति बनाकर उसे अमल में लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर का सामना करने के लिए समाज के लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों को व्यापार, व्यवसाय में भी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। श्री ठाकुर ने नशापान को समाज के विकास में सबसे बड़ा बाधा बताते हुए इसे सर्वथा दूर रहने की अपील की।

# वाहन चालकों की हड़ताल को लेकर प्रशासन ने ली ट्रक-बस एसोसिएशन की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों में संशोधन का विरोध कर हड़ताल कर रहे वाहन चालकों को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन ने स्थानीय ट्रक-बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक बिलासा गुड़ी सभाकक्ष में ली। अधिकारियों ने बैठक में एक्ट के संबंध में सही जानकारी देते हुए ड्राईवरों को हड़ताल पर न जाने की समझाईश दी है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा ने पदाधिकारियों से कहा कि ट्रक एवं बस मालिक अपने ड्रायवरों को टोल प्लाजा में अनावश्यक व्यवधान एवं अनावश्यक रूप से ट्रक खड़ा करने से मना करें। उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम न करने की हिदायत दें। राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। वाहन चालकों का नम्बर उनके वाहन पर लिखने के भी सुझाव दिए।



राष्ट्रीय राजमार्ग जाम होने की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराने कहा। इसके साथ ही प्रशासन के सहयोग से मौके पर जाकर तत्काल जाम हटाने एवं आवश्यक सहयोग करेंगे। हिट एंड रन मामले में आए नए कानून की जानकारी वाहन मालिक संगठन अपने-अपने ड्रायवरों को अनिवार्य रूप से देंगे। यह कानून सभी प्रकार के वाहन जैसे कार, ट्रक, जीप, मोटर सायकल के चालकों पर लागू होगा। दुर्घटना हो जाने की स्थिति में वाहन चालक स्वयं नजदीक के थाने में इसकी सूचना अनिवार्य रूप से देंगे। जिससे दुर्घटना से आहत व्यक्ति की जान बचाई जा सके।

इसके साथ ही हड़ताल को लेकर व्हाट्सअप में भ्रामक जानकारी फैलाने के संबंध में भी बात की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 1 तारीख को वाहन चालकों द्वारा टोल प्लाजा भोजपुरी रायपुर रोड और टोल प्लाजा लिम्हा अम्बिकापुर रोड में वाहन खड़ी कर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरूद्ध किया गया, जिससे आमलोगों को आवागमन में परेशानी हुई और हड़ताल की स्थिति निर्मित हुई। बैठक में एडीएम आरए कुरूवंशी, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुभव शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरज साहू, हरिओम द्विवेदी, तहसीलदार बिलासपुर अतुल वैष्णव, यातायात (डीएसपी) संजय साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं ट्रक और बस संचालकों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# शिविर के माध्यम से 1.50 लाख से अधिक लोगों ने ली शासकीय योजनाओं की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी ब्लॉक में कार्ययोजना अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर निरंतर रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जा सकें। आज जिले में 142 शिविर के माध्यम से लगभग 1 लाख 51 हजार 617 लोगों ने शासन की योजनाओं की जानकारी ली है।




उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत इन शिविर स्थलों में एलईडी स्क्रीन मोबाइल वैन पहुंच रही है। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी जनसामान्य को दी जा रहीं हैं। शिविर स्थल में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। जिसमें पुरूषों की तुलना में महिलाओं की उपस्थिति अधिक देखी जा रही हैं। जहां पुरूषों की उपस्थिति 68 हजार 247 रही, वहीं महिलाओं की उपस्थिति 82 हजार 301 रही है। यहां आयोजित शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए जनसामान्य को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं।

आयोजित शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, जीवन ज्योति बीमा, केसीसी, जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। शिविर में लोगों की समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही है।

**आज इन ग्राम पंचायतों में लगेगा शिविर**

कार्ययोजना अनुसार जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 2 दिसंबर को विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत बैरागी एवं रतनपुर, विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत ढोरम एवं टेरम, विकासखंड खरसिया के ग्राम पंचायत नवागांव और जबलपुर, विकासखंड लैलूंगा के ग्राम पंचायत जमाबहार एवं खेड़आमा, विकासखंड पुसौर के ग्राम पंचायत महलोई तथा कांदागढ़, विकासखंड रायगढ़ के ग्राम पंचायत भेलवाटिकरा एवं पतरापाली (पूर्व) एवं विकासखंड तमनार के ग्राम पंचायत औराईमुड़ा तथा बरकसपाली में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# विधायक व आयुक्त ने स्वच्छता दीदीयों को फूल से सम्मानित कर नए साल को यादगार बनाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नये वर्ष की पहली सुबह 60 वार्डो के अंतर्गत गली -मोहल्लों में आज सुबह घर के सामने पहुँची वार्डो के लोगो ने उन्हें फूल देकर सम्मानित किया। स्वच्छता दीदीयों के सम्मान में नववर्ष की पहली सुबह स्वच्छता दीदीयों का फूल देकर सैकड़ो से अधिक परिवारों ने सम्मानित किया। शहर के वार्डो के पार्षदों व नागरिको ने शाल,श्रीफल व फूल देकर सम्मान किया।



इसके लिये सफाई दीदीयों ने नागरिकों का आभार माना। नव वर्ष की मंगलमय बेला पर आज दिन की शुरुआत स्वच्छता दीदीयो का शहर विधायक गजेंद्र यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव,अब्दुल गनी,दीपक साहू, जयश्री जोशी,मनदीप सिंह भाटिया,नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा,अजीत वैध, अरुण सिंह,शिवेंद्र परिहार,बिजेंद्रभारद्वाज,राकेश सेन, काशीराम कोसरे,काशीराम रात्रे,नजहत परवीन,बृजलाल पटेल,मनीष साहू,श्रद्धा सोनी,व जनप्रतिनिधियों व सहायक अभियंता आरके पलिया,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अधिकारियों ने भी सम्मान किया।इस अवसर विधायक गजेंद्र यादव ने स्वच्छता दीदियों का सम्मान करते हुए कहा महामारी के दौरान भी स्वच्छता दीदीयों ने अपना काम किया और शहर को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका अदा की।हर मौसम में घरों से निकलने वाले कूड़े कचरे एकत्र कर शहर को क्लीन सिटी बनाने में दीदियों का योगदान है।सभापति राजेश यादव कहा उनका सम्मान करना हमारा हक बनता है।इस मुहिम को एक बेहतर शुरुवात करने के लिए साल का सबसे अच्छा दिन फूल देकर स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि स्वच्छता दीदीयों के बिना स्वच्छता अभियान अधूरा है।वास्तव में स्वच्छता का काम यही लोग करते हैं। ऐसे कर्मियों को सम्मान की दृष्टि से देखने के लिए उनका सम्मान जरूरी है। स्वच्छता दीदीयों ने शहर की सूरत बदल दी है। वहां की 'स्वच्छता दीदीयां' कचरे का निस्तारण कर मोहल्ले कालोनी की सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### हिट एंड रन कानून : बिलासपुर में प्रशासन ने ली ट्रक-बस एसोसिएशन की बैठक, बोले- सभी ड्राइवरों पर लागू नहीं होगा कानून

**बिलासपुर।** जिले में ड्राइवरों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला है। सोमवार को ट्रकों के साथ ही बसों के पहिए थम गए। जिसके बाद जिला प्रशासन ने हड़ताली चालकों के साथ ही ट्रक-बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्हें नियमों की जानकारी देते हुए नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करने वालों पर एफआईआर करने की चेतावनी दी।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने पदाधिकारियों से कहा कि ट्रक और बस मालिक अपने ड्राइवरों को टोल प्लाजा में अनावश्यक व्यवधान और अनावश्यक रूप से ट्रक खड़ा करने से मना करें। उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम न करने की हिदायत दें। राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। वाहन चालकों का नंबर उनके वाहन पर लिखने के भी सुझाव दिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग जाम होने की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराने कहा। इसके साथ ही प्रशासन के सहयोग से मौके पर जाकर तत्काल जाम हटाने और आवश्यक सहयोग करेंगे। हिट एंड रन मामले में आए नए कानून की जानकारी वाहन मालिक संगठन अपने-अपने ड्राइवरों को अनिवार्य रूप से देंगे। यह कानून सभी प्रकार के वाहन जैसे कार, ट्रक, जीप, मोटर साइकिल के चालकों पर लागू होगा। दुर्घटना हो जाने की स्थिति में वाहन चालक स्वयं नजदीक के थाने में इसकी सूचना अनिवार्य रूप से देंगे। जिससे दुर्घटना से आहत व्यक्ति की जान बचाई जा सके। बैठक में एडीएम आरए कुरूवंशी, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुभव शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी सूरज साहू, हरिओम द्विवेदी, तहसीलदार बिलासपुर अतुल वैष्णव, यातायात (डीएसपी) संजय साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं ट्रक और बस संचालक मौजूद थे।



### नए साल में युवक ने की खुदकुशी न्यू इयर पार्टी से लौटकर उठाया आत्मघाती कदम

**रायपुर।** राजधानी के कुशालपुर में 31 दिसंबर की रात 28 साल के व्यवसायी शुभम शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की वजह साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। घटना पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुभम न्यू ईयर पार्टी करके लौटा था। घर पहुंचने के बाद प्रोर्च में पानी के प्लास्टिक पाइप से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों ने जैसे उसे देखा डायल 112 पर कॉल कर जानकारी दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

शुभम शर्मा अपने दादा-दादी के घर में चाचा के साथ रहता था। कैंसर से उसकी मां और सड़क हादसे में पिता की मौत हो चुकी है। शुभम ब्क्ष्ट की पढ़ाई पूरी कर चुका था। उसने कुछ समय पहले ही अमलेश्वर में दुकान खोली थी। पुरानी बस्ती थाना प्रभारी सुधांशु बघेल ने बताया कि घटना जानकारी मिलने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। घटना के संबंध में परिजनों से भी पूछताछ जारी है।

# दुर्ग पुलिस ने पेश किया वार्षिक रिपोर्टः अपराधों में आई 12 फीसदी कमी, 90 फीसदी केस सॉल्व


## एसपी रामगोपाल गर्ग ने साल भर पुलिस द्वारा चलाए अभियानों की भी दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नया साल शुरू होने के साथ ही दुर्ग पुलिस ने अपना वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में सोमवार को एसएसपी रामगोपाल गर्ग द्वारा साल भर की उपलब्धियों व पुलिस द्वारा चलाए गए अभियानों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एसपी गर्ग ने कहा कि अपराधों पर लगाम लगाना और शांति स्थापित करना जिला पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में कुल 7411 अपराध पंजीबद्ध हुए। उसकी तुलना में वर्ष 2023 में अब एक जिले में कुल 6555 अपराध पंजीबद्ध हुए। इस प्रकार पूर्व वर्ष की तुलना में घटित अपराधों में 12त्न की कमी आयी है। इस वर्ष पंजीबद्ध अपराधों में से 83त्न अपराधों का निराकरण किया जा चुका है, तथा 7त्न चालान तैयार किया जा चुका है, इस प्रकार कुल 90त्न अपराध का निराकरण किया जा चुका है, शेष अपराधों के निराकरण शीघ्र किये जाने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

एसपी गर्ग ने बताया कि जिले की लगातार बढ़ती आबादी और वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच दुर्ग पुलिस अपने विभिन्न जागरूकता अभियान और कानूनी कार्यवाही से अपराध नियंत्रण करने में सफल हुए है। उन्होंने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराध (डकैती, लूट, नकवजनी एवं चोरी) में आरोपियों को पकड़ने तथा 4.16 करोड़ से अधिक राशि की संपत्ति बरामद करने पुलिस को सफलता मिली है। वर्ष 2022 में 1380 प्रकरण पजीबद्ध हुये है, वर्ष 2023 में 1183 प्रकरण पंजीबद्ध की गई है जिसमें 14 फीसदी की कमी आयी है।

एसपी गर्ग ने बताया कि वर्ष 2022 में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण के 821 प्रकरण पंजीयद्ध हुये है, जबकि वर्ष 2023 में 811 प्रकरण पंजीवद्ध की गई है। इन प्रकरणां में भी 1.21 को कमी आयी है। हत्या के कई अनसुलझे मामले जैसे प्रेम प्रसंग में हत्या, आपसी रंजिश में हत्या एवं अपहरण कर ले जाकर हत्या के प्रकरणों को तकनीकी सहायता के माध्यम से सुलझाने में सफलता प्राप्त हुई है। महिला के विरुद्ध अपराध की समीक्षा एवं सतत् मानिटरिंग जिले में गठित महिला अनुसंधान यूनिट द्वारा समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। महिलाओं के विरुद्ध अपराध में भी पिछले साल की तूलना में 17 फीसदी की कमी आई है। वर्ष 2022 में बलात्कार, शीलभंग, प्रताड़ना के 485 प्रकरण पंजीबद्ध हुए और वर्ष 2023 में 403 प्रकरण दर्ज किए गए।



### चाकूबाजी की घटनाओं में नियंत्रण का प्रयास

एसपी गर्ग ने बताया कि 2023 में चाकूबाजी की घटनाओं में नियंत्रण का प्रयास किया। दुर्ग पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थाना स्तर पर टीम गठित कर सतत् पेट्रोलिंग एवं समय-समय पर आकस्मिक चेकिंग की कार्रवाई कराई गई। वर्ष 2022 आर्म्स एक्ट अंतर्गत 148 प्रकरण पंजीबद्ध की गई है, वर्ष 2023 में 206 प्रकरणों में अवैध हथियार रखने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पूर्व वर्ष के तुलना में वर्ष 2023 में 39त्न अधिक कार्रवाई की गई। इससे कई संभावित घटनाएं होने से बची।

### अपराधियों के नियंत्रण के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

एसपी गर्ग ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने, अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण की दृष्टि से संदिग्ध एवं अपराधिक चरित्र के व्यक्तियों की निगरानी की जाकर उनके विस्तार आवश्यक वैधानिक व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। जिले में वर्ष 2022 में 7292 प्रकरण में कार्यवाही की गई है उसकी तुलना में वर्ष 2023 में 14572 प्रकरण में कार्यवाही की गई है, इस प्रकार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में 100 त्न की वृद्धि हुई है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत 147 नाबालिगों को ढूंढा गया

ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न थाना क्षेत्रों से इस साल गुम हुये 266 नाबालिगों (बालक/बालिका) में से 147 नाबालिगों को ढूंढ कर उनके परिजनों को सुपुर्द की गई है. जिसमें कई नाबालिगों को पुलिस टीमें दूसरे राज्य से सकुशल वापस लाई है, गुम बच्चों की बरामदगी 55त्न रही। इसी प्रकार वर्ष 2023 में गुम हुये 644 महिला एवं पुरुष को पुलिस ने विभिन्न स्थानों से खोजकर उनके अपनों से मिलाया है। इसके अलावा थानों में लंबित ऐसे प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए हैं।

### 50 हजार से ज्यादा वाहन चालकों का कटा चालान

एसपी गर्ग ने बताया कि जिले की यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुरक्षित बनाये रखने हेतु शराब एवं नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासान, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन विभाग के साथ समन्वय कर कार्यवाही की जा रही है। इस वर्ष 50119 वाहनों चालको पर कार्यवाही की गई है। हाईवे पेट्रोलिंग, थाना पेट्रोलिंग, डॉयल 112 के रिस्पॉस टाईम को बेहतर करने समय समय पर मीटिंग लेकर निर्देशित किया जा रहा है।

### शराब व मादक पदार्थों के अवैध परिवहन व बिक्री के खिलाफ कार्रवाई

एसपी गर्ग ने बताया कि जिले में अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर भी प्रभारी कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा अभियान चलाकर मादक पदार्थ जैसे गांजा, ब्राउन शुगर व अन्य नशीली वस्तुओं एवं अवैध रूप से शराब का परिवहन व बिक्री करने वाले पर कार्यवाही की गई। वर्ष 2022 में 2567 लीटर अवैध शराब की जब्त की गई थी। उसकी तुलना में वर्ष 2023 में 10763 लीटर अवैध शराब आबकारी अधिनियम अंतर्गत जब्त की गई है। अवैध शराब की तस्करी करते ट्रक में 530 पेटी शराब कीमती 52,42,500 रूपये को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। इसी तरह वर्ष 2022 में एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत 46 प्रकरणों में 107 कि.ग्रा. गांजा एवं 120 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है, वर्ष 2023 में एनडीपीएस एक्ट में 72 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है, जिसमें 410 कि.ग्रा. गांजा, 233 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 152 ग्राम हेरोईन बरामद किया गया है। पूर्व वर्ष की तुलना में एनडीपीएस एक्ट में 55त्न अधिक कार्रवाई हुई है।

### साईबर काईम पर फोकस

एसपी गर्ग ने बताया कि ऑन लाईन घोखाधड़ी से संबंधित अपराध पर नियंत्रण के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना स्तर पर सोशल मिडिया ग्रुप एवं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिले में ऑनलाईन धोखाधड़ी की शिकायत/सूचना में विशेष रूप से गठित एन्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ठगी की गई 2338 शिकायतों में 1,33,11,053 रुपए रोककर बैंक में होल्ड कराया गया। न्यायालय के आदेशानुसार 7,21,059 रुपए पीड़ित को वापस किया गया है। इसी प्रकार मोबाइल गुम के प्रकरणों में 320 लोगों के मोबाइल फोन उन्हें लौटाए गए जिनकी कीमत 80 लाख रुपए है।

### ऑनलाईन सट्टा पर कार्रवाई

एसपी गर्ग ने बताया कि ऑनलाईन ऐप के माध्यम से संचालित सट्टा खिलाने वालों के विरूद्ध लगातार रेड की कार्यवाही की जाकर कुल 26 पंजीबद्ध प्रकरणों में 194 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 78 नग लेपटॉप, 371 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन जप्त किया गया एवं उनके द्वारा विभिन्न बैंकों में संचालित 231 खातों को फ्रिज कराया गया। इसके अलावा चिटफण्ड कंपनियों के विरूद्ध निरतंर कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2023 में विभिन्न कंपनियों के 15 डॉयरेक्टरों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कियागया है साथ ही शुष्क इंडिया कंपनी एवं यश ग्रुप जैसे कंपनियों की संपत्ति की नीलामी उपरांत 6291 निवेशकों को कुल 8.60 करोड़ रुपए वापस किया गया है।

### 2024 में दुर्ग पुलिस होगी और भी हाईटेक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग द्वारा अपनी टीम को अनुशासित रहकर जिले की पुलिसिंग को और बेहतर बनाने की दिशा में नई कार्ययोजना और ऊर्जा के साथ कार्य करने निर्देशित किया गया है। नए साल में दुर्ग पुलिस और भी हाईटेक तरीके से काम करेगी। आगामी वर्ष में जिले में नवाचार के रूप में साइबर प्रहरी, त्रिनयन (सीसीटीव्ही मानिटरिंग ऐप) एवं सशक्त (वाहन चोरी डेटाबेस ऐप) इत्यादि नयी तकनीकों, मोबाइल एवं वेब ऐप का उपयोग कर पुलिसिंग को बेहतर करने की कार्य योजना है।

# प्रेमी जोड़े ने पेड़ पर लगाई फांसी चुनरी के सहारे लटकती मिली लाशें

- बसंतपुर थाना क्षेत्र का मामला, ग्रामीणों ने देखकर दी थी पुलिस को सूचना
- दोनों के प्रेम संबंधों को लेकर परजिन थे नाराज, इसलिए उठाया यह खौफनाक कदम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बलरामपुर।** नए साल के दिन बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में एक प्रेमी जोड़े ने खुदकुशी कर ली। उनका शव बजरा गांव में पेड़ पर चुनरी से लटका मिला। बताया जा रहा है कि लड़की नाबालिग भी थी और उसकी उम्र करीब 14 साल थी। दोनों के प्रेम संबंध को लेकर परिजन आपत्ति जता रहे थे। मामला जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांव के कुछ लोगों ने सोमवार सुबह 2 शव को पेड़ पर लटका देखा जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बसंतपुर थाना प्रभारी चंदन सिंह की टीम मौके पर पहुंची। प्रेमी लक्ष्मण पंडो (18 वर्ष) और नाबालिग प्रेमिका ने दो चुनरी के सहारे पेड़ पर फांसी का फंदा बनाया और उस पर लटक गए। बताया जा रहा है कि युवक व उसकी नाबालिग प्रेमिका विशेष संरक्षित पंडो जनजाति के थे।

पुलिस ने दोनों के शवों को पंचनामा के बाद फंदे से उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि दोनों के बीच कुछ समय से प्रेम संबंध चल रहा था। प्रेमिका उत्तरप्रदेश के ग्राम डुमहर की रहने वाली थी। कुछ समय से वह अपने रिश्तेदार के घर बाजरा गांव में रह रही थी। 31 दिसंबर की रात दोनों घर से निकले थे लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं लौटे।

एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि दोनों ने आत्महत्या की है। दोनों के बीच प्रेम संबंध था। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि दोनों के प्रेम संबंध को लेकर परिजनों ने आपत्ति की थी। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने फांसी लगा ली होगी। फिलहाल गांव के और लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में गई 6 माह की बच्ची की जान, बच्ची की मां सहित दो जवान भी घायल

**बीजापुर।** जिले में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक 6 माह की मासूम की जान चली गई। मुठभेड़ सोमवार शाम की बताई जा रही है। गंगालूर थाना क्षेत्र के मुतवंडी में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। क्रॉस फायरिंग में एक छह माह की बच्ची की मौत हो गई है। वहीं, बच्ची की मां और डीआरजी के दो जवान गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम तकरीबन पांच बजे गंगालूर थाना क्षेत्र के मुतवंडी गांव के जंगलों में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं। नक्सलियों की क्रॉस फायरिंग की चपेट में मुतवंडी गांव की एक छह माह की बच्ची व उसकी मां आ गई। इससे बच्ची की मौत हो गई और उसकी मां के हाथ में गोली लगने से वह भी घायल है। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस का दावा किया है कि मुठभेड़ में भैरमगढ़ एरिया कमेटी सचिव चन्द्रन्ना व उसके पार्टी के कुछ सदस्य घायल हुए हैं। फिलहाल डीआरजी व सीआरपीएफ के जवान आसपास सर्च कर रहे हैं। पूरे मामले को एएसपी वैभव बैंकर का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि सोमवार की शाम 5 बजे के करीब पुलिस और नक्सली के बीच मुतवंडी के जंगलों में मुठभेड़ हुई। क्रॉस फायरिंग में गांव की मासूम बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची की मां को भी गोली लगी जिसके बाद उसकी सहायता के लिए टीम भेजी गई और उसका इलाज कराया जा रहा है। मुठभेड़ के बाद इलाके में पुलिस का सर्चिंग अभियान भी जारी है।

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 26.12.2023

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 09.01.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण स.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 334/दुर्ग (बालोद)/ 2023 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत बटरेल एवं कुथरेल मार्ग कि.मी. 1 से 2 / 6 = 1.60 कि.मी. एवं 03 अन्य मार्ग का बी. टी. नवीनीकरण कार्य | 173.78 | तृतीय |
| 335/दुर्ग(बालोद) /2023 | अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन पटेली में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 44.42 | तृतीय |
| 336/ दुर्ग (दुर्ग)/ 2023 | उपसंभाग क्रं. 02 दुर्ग के अंतर्गत धमधा कॉलेज पहुंच मार्ग 1 एवं 2 लं. 2.00 कि.मी. एवं डोरकी आरसी लिटिया कि. मी. 1,2,3 लं. 3.00 कि.मी. में बी. टी. रिनीवल कार्य | 72.92 | तृतीय |
| 338/दुर्ग (कवर्धा)/ 2023 | प्रतापपुर भगतपुर निंगापुर मार्ग लं. 1 से 4 = 4.00 कि.मी. में बी. टी. नवीनीकरण कार्य | 63.45 | तृतीय |

टीप

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-06787/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### राज्यपाल रमेश बैस पार्श्व गौ सेवालय (गौ शाला) का करेंगे उद्घाटन



**दुर्ग/नगपुरा।** तपोभूमि उवसगहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा के प्रतिष्ठा की 29 वी सालगिरह तीर्थ प्रतिष्ठा वर्षगांठ उत्सव अंतर्गत तीर्थ परिसर में वृहद स्तर पर नवनिर्मित पार्श्व गौ सेवालय (गौशाला) जीव मैत्रीधाम के उद्घाटन के लिए तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया, ट्रस्टी भीखमचंद कोठारी, स्स्सी मूलचंद जैन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल (गर्वनर) महामहिम रमेश बैस से मुलाकात कर आमंत्रण पत्र सौपा। उल्लेखनीय है कि महामहिम राज्यपाल रमेश बैस तीर्थ के विभिन्न प्रसंगों पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान किए। तीर्थ ट्रस्ट मंडल के अनुरोध को सहर्ष स्वीकारते हुए राज्यपाल ने पार्श्व गौ सेवालय (गौ शाला) के उद्घाटन हेतु माघसुदी षष्ठमी गुरुवार 15 फरवरी 2024 को अपनी महिमावंत उपस्थिति के लिए स्वीकृति प्रदान किए है।

### फूलों से स्वागत कर राजस्व प्रकरणों की सुनवाई

**दुर्ग।** नए वर्ष का स्वागत लोग एक दूसरे से मिलकर, पार्टी कर, नाच गाकर आदि तरीके से करते है लेकिन दुर्ग के अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपने राजस्व न्यायालय में राजस्व संबंधी कार्यों के निपटारे के लिए आए हुए पक्षकारों, ग्रामीणों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर नए वर्ष की शुभकामना देकर किया। उत्साह के वातावरण में आम जनता की समस्याओं को सुनकर निराकरण की कार्यवाही की। समस्या के निदान हेतु आए लोगों की बातों को गंभीरता से सुनकर, त्वरित गति से समाधान की कार्यवाही की गई। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया की वे प्रतिवर्ष नए वर्ष का स्वागत कुछ इसी तरह से शुरुवात करते है। लोगो की समस्याओं का निराकरण अपने न्यायालय में खुशनुमा अंदाज में, सौम्य वातावरण में करने में मजा आता है। पक्षकार न्यायालय से खुश होकर संतुष्ट होकर जाते है तो आत्मिक संतुष्टि मिलती है।

### जनदर्शन में अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर अपर कलेक्टर गोकुल रावटे ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 65 आवेदन प्राप्त हुए। ढौर निवासीयों ने एसीसी सिमेंट मैनेजमेंट के द्वारा नाला में एक पूल बांध दिया गया है। जिससे किसानों का फसल खराब होने की संभावना है। एसीसी को बार-बार निवेदन करने पर भी उनके द्वारा तोड़ा नहीं जा रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने ग्रामवासियों को उचित कार्यवाही का अश्वासन दिया। थनौद निवासी ने बताया कि पिछले 2 वर्ष पूर्व से कचरा लाकर उनको जला दिया जाता है जिससे वायु प्रदुषण से बिमारी फैलने की आशंका को लेकर आवेदक जनदर्शन पहुंचा।

### उमरपोटी व रसमड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की मिली जानकारी

# पैसा लेकर काम करने वालों पर होगी कार्रवाई : चंद्राकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में ग्राम उमरपोटी व रसमड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। विधायक ललित चंद्राकर की उपस्थिति में ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार के जनहिताकरी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के अनुसार ग्राम उमरपोटी की प्रगति और जरुरतमंद के जीवन स्तर को उन्नति की ओर अग्रसर करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा एक बड़ा और व्यापक अभियान है। विधायक ललित ने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही व पैसा लेकर काम करने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई होगी।**



ग्राम उमरपोटी में विधायक ललित चंद्राकर ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा को पूरे देशभर में अपार जन समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना सहयोग देने के लिए सभी को शपथ भी दिलवाई। शिविर में विभागों ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई गई। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आजीविका मिशन, पशुपालन, सहकारी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए गए उत्पाद आदि की सुविधा भी दी गई।

विधायक ललित चंद्राकर ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस चूल्हे और अन्य योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र भी वितरित किया। मंडल क्षेत्र के ग्राम उमरपोटी में विकसित और मंच के माध्यम से ग्राम पंचायत के निवासी महिला को विधायक ललित चन्द्राकर जी के हाथों गैस सिलेंडर वितरण किया गया।

विधायक ललित चंद्राकर जी योजनाओं की ग्रामीण वासियों को विस्तार से चर्चा की और जानकारी दी कार्यक्रम में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री के संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित किए गए और विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। स्कूली बच्चों ने संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए स्वच्छता, शिक्षा से संबंधित लघु नाटिका की प्रस्तुति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। अंत में जिला पंचायत के सीईओ ने सभी लोगों की व्यापक सहभागिता के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर झमित गायकवाड, टिकेंद्र ठाकुर सरपंच, अनिल साहू, कमल सिंह गायकवाड, संतोष साहू, जी हरिशंकर राव, लवण चतुर्वेदी, गुलशन बंजारे, संतोषी साहू सहित कार्यकर्त्ता व ग्रामीण उपस्थित हुए।

#### रसमड़ा के लोगों ने जाना विकसित भारत संकल्प यात्रा उद्देश्य

दुर्ग ग्रामीण विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम रसमडा में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित कर लोगों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र की योजनाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी ग्राम पंचायत में और ग्राम में जो भी समस्याएं हैं उनके लिए मैं शत प्रतिशत काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर गरीब परिवार को केंद्र की योजना का लाभ मिले इसके लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

#### किसी भी काम के लिए पैसा देने की जरूरत नहीं

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अधिकारी को किसी भी कार्य के लिए आपको पैसा या रिश्वत देने की जरूरत नहीं है। आपका जो भी काम है वह सब किया जाएगा। राशन कार्ड बनाना हो गरीब परिवार को मकान दिलाना हो गैस कनेक्शन लेना हो या अन्य किसी योजना हो सभी बिना किसी रुकावट के पूरे होंगे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक ने अधिकारियों व सरपंचों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपना काम इमानदारी से करें। ग्राम पंचायत के लोगों को पैसे लेकर कोई काम न करें। यदि ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई होगी। कार्यक्रम के दौरान सरपंच ममता साहू, गिरेश साहू, दिनेश, शिवा निषाद, नंदू निर्मलकर, पुणे सिंह, सोहन निर्मलकर, चमन यादव, किशन यादव, राम यादव, फूलन सिंह साहू, भागवत साहू, विशाशा साहू सहित भाजपा के कार्यकर्ता व गांव के लोग उपस्थित रहे।

## विभिन्न जनोपयोगी प्रस्ताव पर चर्चा और स्वीकृति के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन तीन दिनी प्रवास पर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विगत दिनों संज्ञान में आई जन समस्याओं सहित वैशाली नगर विधानसभा की विकासकारी योजनाओं के प्रस्ताव को भूतल पर लाने और इस विषय में तैयार कार्ययोजना को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों से विमर्श हेतु तीन दिनी प्रवास पर जाएंगे।

श्री सेन ने बताया कि कुछ प्रस्ताव केंद्र सरकार की स्वीकृति के भी हैं जो कि वैशाली नगर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए जरूरी भी हैं। कुछ कार्य पूर्व की सरकार के अधीन थे, उनमें भी आमूलचूल परिवर्तन भी करना है। इन? सभी जनोपयोगी कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों व मंत्रालय से औपचारिक विमर्श होना है इसलिए तीन से चार दिन वैशाली नगर से बाहर प्रवास पर वो जा रहे हैं ताकि जल्द इन प्रस्तावों व योजनाओं को कार्यरूप में स्वीकृत एवं परिणित किया जा सके।

श्री सेन ने कहा कि महीने भर में एकत्रित जनोपयोगी कार्य योजना को धरातल पर लाने, प्रस्तावों पर चर्चा जरूरी है इसलिए क्षेत्र की जनता के काम लेकर वो तीन से चार दिन विधानसभा से बाहर प्रवास पर होंगे। इस दौरान भेंट मुलाकात व जनकार्यक्रमों में शिरकत नहीं कर सकेंगे।

## नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करने पर संस्थाओं पर लगा 20-20 हजार रूपए का अर्थदण्ड एवं संस्था का संचालन किया बंद

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने मन डायग्नोस्टिक सेंटर पावर हाउस भिलाई, डॉ. रीता चाबा क्लीनिक पावर हाउस भिलाई, साई मेडिकल स्टोर्स डॉ ज्ञानेश मिश्रा न्यू बसंत टॉकिज के पास सुपेला भिलाई एवं एसबीएस हॉस्पिटल विजय कॉम्प्लेक्स केम्प-02 पावर हाउस भिलाई सहित चार संस्थाओं के संचालकों को नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करते पाये जाने पर नर्सिंग होम एक्ट की धारा 12 (क) (1) के तहत 20-20 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है। साथ ही उन्होंने लायसेंस प्राप्त होने तक उक्त चारों संस्थाओं का संचालन बंद रखना निर्देशित किया है।

ज्ञात हो कि प्रावधानों के परिपालन हेतु गठित जॉच दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान एसबीएस हॉस्पिटल में मेडिकल डॉयरेक्टर की उपलब्धता नही पाई गयी एवं उससे संबंधित दस्तावेज संस्था संचालक द्वारा जांच दल को उपलब्ध नहीं कराया गया। चिकित्सकीय संस्थान में केवल 01 एम.बी.बी.एस. डॉक्टर की नियुक्ती पाई गयी, जबकि 20 बेड हॉस्पिटल संचालन हेतु मानक रूप से 3 एम.बी.बी.एस. डॉक्टर अनिवार्य है। नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा जारी संबंधित संस्था को अनुज्ञप्ति लायसेंस की वैधता समाप्त होना पाया गया, अस्पताल परिसर में उपलब्ध फार्मेसी में फार्मासिस्ट का आभाव पाया गया, एक्स-रे टेक्नीशियन नहीं पाया गया, महिला एवं पुरूष मरीजों के लिए पृथक-पृथक वाशरूम नहीं पाया गया, आई.सी.यू. में कार्यरत स्टॉफ एवं अस्पताल में कार्यरत अन्य स्टाफ निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप नहीं पाये गये। इसी प्रकार डॉ. रीता चाबा क्लीनिक पावर हाउस भिलाई, साई मेडिकल स्टोर्स एवं मन डायग्नोस्टिक सेंटर लैब अंतर्गत डॉ सुमन राव क्लीनिक सहित तीनों संस्थाओं का संचालन बिना नर्सिंग होम एक्ट लायसेंस के किया जाना पाया गया, जो कि नर्सिंग होम एक्ट 2010 व 2013 का उल्लंघन है।

दण्डित जुर्माना राशि नोटिस जारी हाने के 5 दिन के भीतर "सुपरवाईजरी अथॉरिटी सी.जी. नर्सिंग होम एक्ट डिस्ट्रिक्ट दुर्ग" नाम पर बैंक ड्रॉफ्ट बनवाकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग में जमा करने निर्देशित किया गया है। साथ ही लायसेंस प्राप्त होने तक चारों संस्थाओं का संचालन बंद रखना निर्देशित किया गया है।

## संकल्प यात्रा में ले सकते है विश्वकर्मा योजना का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए फॉम वितरण किया जा रहा है। जिनका स्वंय का मकान नहीं है तथा किराए में निवासरत लोग जो स्वयं का मकान चाहते है शिविर में पहुंचकर आवास प्राप्त करने फॉम खरीद रहे है। भिलाई निगम क्षेत्र में आयोजित शिविर में गैस कनेक्शन हेतु उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम स्वनिधि से लोन लेकर व्यापार बढ़ाने के लिए भी बड़ी संख्या में हितग्राही जानकारी लेने स्टॉल में पहुंच रहे है।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संकल्प शिविर का 11वां दिन खुर्सीपार जलाराम मंदिर और दुर्गा मंदिर स्कूल में आयोजित हुआ। 22 दिसंबर से आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री आवास के लिए अब तक लगभग 14 हजार अधिक फॉम बिक चुका है। स्वंय का आवास का सपना देखने वाले परिवार बड़ी संख्या आवास योजना का लाभ लेने संबंधी जानकारी ले रहे है। इसके अलावा कारीगरो और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक और टूलकिट प्रदान करने के उददेश्य से विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने विश्वकर्मा योजना के लिए स्टॉल लगाया गया है। इस योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, नाई, धोबी, मूर्तिकार, लोहार सहित 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरो और शिल्पकारों को शामिल किया गया है जिन्हें ऋण सहायता, कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, किया जा रहा.है इस योजना मे हितग्राही को प्रशिक्षण प्रदान किया जा कर उनके व्यवसाय को आगे बढाने के लिए लोन भी प्रदान किया जाता तथा प्रशिक्षण अवधि का मानदेय भुगतान भी किया जाता है। योजना से जुडने आनलाईन भी आवेदन भरवाया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिध शामिल हुए और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए नागरिकों को शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ की जानकारी दिए। जलाराम मंदिर में पार्षद सरिता देवी, दुर्गा मंदिर स्कूल में योगेन्द्र सिंह जिला महामंत्री, एसएन सिंह, सत्यम व्यास, मुकेश सिंह, श्रीनू राव, अशोक जैन, विनोद मुन, जयशंकर चौधरी, केशव पासवान ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर में उपस्थित नागरिको को भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने में हम सबकी अनिवार्य सहभागिता को लेकर संकल्प दिलाये तथा भारत द्वारा जारी किए गए 2024 के कैलेण्डर का विमोचन कर नागरिकों में वितरण किया गया।

## सरोज पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को दी नववर्ष की शुभकामनाएं



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राज्य सभा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की । उन्होनें उन्हें नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएँ दी। राज्य सभा सांसद ने कहा भारतीय जनता पार्टी नए संकल्पों और लक्ष्यों के साथ नई शुरुआत की है । आपके नेतृतव में प्रदेश विकास की राह पर आगे बढ़कर नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा ।

## संयंत्र के निदेशक प्रभारी ने नववर्ष के साथ किया सुरक्षा माह 2024 का शुभारंभ, सेफ्टी ऑडिट शेडयूल का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता ने नववर्ष के पहले दिन, इस्पात भवन परिसर में सुरक्षा ध्वज फहराकर, संयंत्र बिरादरी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और सुरक्षा जागरूकता माह का शुभारंभ किया। सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षित कार्य करने का आग्रह किया। जनवरी महीने को सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है।

इस तारतम्य में संयंत्र के सुरक्षा अभियाँत्रिकी विभाग द्वारा, 01 जनवरी, 2024 को सुरक्षा माह-2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा अभियाँत्रिकी विभाग)एस के अग्रवाल ने सुरक्षा शपथ दिलाई। इसके उपरांत, अनिर्बान दासगुप्ता एवं उपस्थित कार्यपालक निदेशकों ने, सुरक्षा अभियाँत्रिकी विभाग द्वारा तैयार किये गए सेफ्टी ऑडिट शेडयूल कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर अनिर्बान दासगुप्ता के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (प्रोजेक्ट्स) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्र के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारीगण एवं विभिन्न श्रमिक संगठनो के पदाधिकरी और प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा, कि संयंत्र मे विभिन्न विभागों एवं परियोजनाओं के क्षेत्र मे कार्यरत सभी नियमित एवं ठेका श्रमिकों की सुरक्षा के लिये, सभी आवश्यक प्रबंध किये जायें, ताकि संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षित कार्य प्रणाली के प्रोटोकॉल को अपनाते हुए हर क्षेत्र में सुरक्षित कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा, हमें अपने क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए बेहतर हॉउसकीपिंग एवं पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है। संयंत्र में शून्य सहनशीलता नियम को लागू किया गया है, जिसका हम सभी को सख्ती से पालन करना है। मुझे विश्वास है कि भिलाई बिरादरी, स्वास्थ्य व सुरक्षा मानकों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये, दुर्घटनारहित उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी।

इसके उपरांत, अनिर्बान दासगुप्ता ने कार्यपालक निदेशकों व वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, संयंत्र भवन में भी सुरक्षा ध्वज फहराया। इसी कड़ी में जनवरी माह में, संयंत्र स्तर पर विभिन्न सुरक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा 02 जनवरी को संयंत्र के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में सुरक्षा ध्वज फहराया जायेगा। मुख्य महाप्रबंधक एवं विभाग प्रमुखों द्वारा संयंत्र के संबंधित विभागों में सुरक्षा ध्वज फहराकर सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

## सर्वे की समीक्षाः लापरवाह कर्मचारी को आयुक्त ने थमाया नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रिसाली।** नगर पालिक निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने स्टेशनरी शाखा के लिपिक दुष्यंत सेन को नोटिस थमाया है। आयुष्मान कार्ड बनाने चल रहे सर्वे समीक्षा में लापरवाही करना पाया गया। आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि सर्वे कार्य को गंभीरता से करे। बहाने बाजी करने पर बख्शा नहीं जाएगा।

सोमवार को आयुक्त ने आयुष्मान व विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी सेक्टर प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिदिन कर्मचारी से निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट ले। 40 वार्ड को 11 जोन में विभक्त कर सर्वे कार्य कराया जा रहा है।आयुक्त ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक घर तक पहुंचे। वार्ड की जनसंख्या,घरों की संख्या, परिवार में सदस्यों की सख्या, राशन कार्ड में संद्स्य का नाम छूटा तो नहीं है, आयुष्मान कार्ड की वास्तविक संख्या , मृत व प्रवासी व्यक्ति की संपूर्ण जानकारी एकत्र करे। जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका कार्ड तत्काल बनाए।

**कार्यालय में भी बनाया जा रहा कार्ड :** आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रत्येक ए पी एल और बी पी एल हितग्राहियों को मिले इसके लिए न केवल सर्वे कार्य किया जा रहा है,बल्कि कार्ड बनाने काउंटर भी बनाया गया है। निगम क्षेत्र के नागरिक टंकी कार्यालय व मुख्य कार्यालय पहुंचकर आयुष्मान कार्ड कार्यालय समय में बनवा सकते है।

**विश्वकर्मा योजना के लिए कर्मचारी फिल्ड में :** विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के कर्मकारो को प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण लेने वालों को 500 रुपए का भत्ता दिया जाएगा। यही नहीं प्रशिक्षण लेने वालो को स्वरोजगार के लिए 1 लाख का लोन और बाद में 2 लाख का लोन दिया जाएगा। आयुक्त ने इस योजना की समीक्षा की और कर्मचारियों को हितग्राहियों का पंजीयन करने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950